तापमान

अधिकतम 29.3 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 24 दिसंबर 2024



10 शराब दुकान को हटाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार





11 वैदिक मंत्रों से गायत्रीमय हुआ धर्मधाम धमधा






# धमधा के टमाटर को नहीं मिल रहा दाम, नकली खाद से फसल भी बर्बाद

आलोक तिवारी ▸▸| भिलाई


धमधा के किसान चिंतित है। इसके पीछे कई वजह है। नकली खाद-बीज और दवाई की शिकायत हर दूसरा किसान कर रहा है। मौसम अनुकूल होने के बावजूद फसल की पैदावार अब वैसी नहीं है, जो पहले होती थी। यही नहीं, किसानों को सही दाम भी नहीं मिल रहा है। इसीलिए अब किसानों को मुनाफा कम हो रहा और रिस्क ज्यादा होने की वजह से त्रासदी ज्यादा आ गई है। ये बातें कोई और नहीं, धमधा के रहने वाले किसान कह रहे हैं। हरिभूमि की टीम धमधा के पेंड्री व उससे लगे गांव राजपुर, सहसपुर समेत आसपास के इलाकों में पहुंची। टमाटर तोड़ने वाले किसान कहते हैं, धमधा के किसानों में रिस्क क्षमता ज्यादा है। इसीलिए उनके पूर्वजों ने धमधा की फसल लेना शुरू किया। उसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### किसानों के सामने चुनौती ज्यादा

किसानों का कहना है कि नकली खाद-बीज और दवाई क्षेत्र में इन दिनों इसी बात की चर्चा है कि फसल में डाले गए खाद और दवाई नकली है। जहां से दवाई मिलती है, उन कृषि केंद्रों में जांच नहीं हो रही है। ड्रग विभाग से लेकर कृषि विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई नहीं आता। इसीलिए नकली खाद और दवाई बनाकर बेचने वाले लोग लखपति-करोड़पति बन जा रहे हैं और किसान सड़क पर आ गया है।

## किसानों में रिस्क क्षमता ज्यादा, इसलिए अधिकांश किसान लेते हैं टमाटर की फसल




### तुड़ाई के लिए मजदूर का टोटा

सरकारी राशन दुकान से मुफ्त में चावल मिल जा रहा है। मजदूरों को ज्यादा चिंता नहीं है। इसीलिए फसल की कटाई या टमाटर तुड़ाई के लिए मजदूरों का टोटा हो गया है। गांव में काम करने वाले मजदूर बात-बात पे छुट्टी ले रहे हैं। इसकी वजह से तय समय में काम नहीं हो रहा है। शायद मजदूरों के टोटे की ये बड़ी वजह है।

### दलाल हावी, रेट नहीं मिल रहा

ये बात सच है कि किसानों पर सब्जी दलाल हावी है। खेत में फसल देखकर ही सौदा हो जा रहा है। वहीं जब गाड़ी में सब्जी हो या टमाटर मंडी पहुंचता है तो जानबूझकर रेट तोड़ दिया जाता है। यानि कि दाम गिरा दिए जाते हैं। इसीलिए दलाल हावी हो गए हैं और प्रॉपर रेट तक नहीं मिल रहा है।



### महंगाई कमर तोड़ रही

महंगाई की मार पूरे देश में है। किसान भी इससे अछूते नहीं है। पहले एक एकड़ टमाटर की फसल 50 हजार रुपए में हो जाती थी। मगर अब ये राशि 1 लाख रुपए पार हो गई है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सब्जियों के दाम कम मिल रहे हैं और महंगाई कमर तोड़ रही है। इससे किसान भी परेशान हैं।

### बेमौसम बारिश, मुआवजा कम

किसानों के लिए ये भी किसी चुनौती से कम नहीं है। किसानी को सबसे रिस्की काम माना गया है। क्योंकि, जब फसल पकने वाली होती है और तोड़ने की बारी आती है तो बेमौसम बारिश से सब तबाही हो जाती है। धमधा के किसानों समेत देश के किसानों के सामने ये सबसे बड़ी चुनौती है।

### उठाएंगे कदम



धमधा के किसानों के लिए जो भी बेहतर हो सकता है, हमारी सरकार कर रही है। किसानों की उन्नति और बेहतरी के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। नकली खाद-बीज और दवाई की शिकायत मिली है। अधिकारियों से बात करके समाधान के लिए कहता हूं। मैं खुद किसान हूं, इसकी मॉनीटरिंग करूंगा।

**-ईश्वर साहू**, विधायक साजा

## खबर संक्षेप

### बलिदान दिवस समापन समारोह 27 को

**भिलाई।** स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर संभागीय शीतकालीन सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग का स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में 27 दिसंबर को शाम 4 बजे किया गया है। 26 दिसंबर को दीक्षांत समारोह आर्यवीर दल द्वारा पंथ संचलन साहिल आर्य के नेतृत्व में किया जाएगा। 27 दिसंबर को आर्यवीर दल का प्रदर्शन और विभिन्न कार्यक्रम होंगे। समारोह को प्रखर वैदिक प्रवक्ता गौतम खट्टर संबोधित करेंगे।

### नाबालिग को कटर मारकर किया गंभीर

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती समारोह के दौरान दो गुटों में विवाद कटर चलाने की घटना हुई। जानकारी के मुताबिक नाबालिग के गले पर युवक ने अपने पास रखे कटर से सिर, गला, जांघ में 3-4 वार कर फरार हो गया। घटना में अपचारी बालक की स्थिति गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया गया है। घायल शेख अखिल के मुताबिक वो गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तेलहा नाला के पास ही कार्यक्रम चल रहा था। रात में अपने दोस्तों के साथ कार्यक्रम देख रहा था। तभी शेखर अपने भाई और दोस्तों के साथ पहुंचा। शेखर किसी बात को लेकर शेख अखिल से विवाद करने लगा। शेख अखिल के मुताबिक शेखर उसका दोस्त है। वह उसे जानता है। विवाद होने के बाद वो वहां से जाने लगा। दोस्तों के बीच सामान्य विवाद समझ कर उनके पास पीड़ित पहुंचा लेकिन शेखर उसके भाई, दोस्त ने पीड़ित का रास्ता रोककर विवाद करने लगे। मौके पर शेख अखिल के भी दोस्त पहुंच गए। दोनों गुटों में जमकर विवाद हो गया। आरोपी शेखर ने अपने जेब में रखे कटर निकाला और शेख अखिल पर जोरदार हमला कर दिया। पीड़ित वहीं गिर गया। आरोपी शेखर अपने दोस्तों के साथ मौका मिलते ही फरार हो गया।

### उठाव के बाद प्रबंधकों ने आंदोलन किया स्थगित

# पांच दिन में 91 से घटकर बफर लिमिट वाले केंद्रों की संख्या 52 पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के धान खरीदी केन्द्रों से उठाव करने मिलर जूट गए है। पिछले पांच दिनों में पांच लाख क्विंटल से अधिक का उठाव किया गया हैं। हडताल से लौटने के बाद मिलर एग्रीमेंट करने में जूट गए है। उठाव में तेजी आने के बाद ऐसे करीब 95 केन्द्र जहां धान रखने की जगह नही थी, वहां से भी उठाव शुरू हो गया है। वर्तमान में बफर लिमिट वाले केन्द्रों की संख्या अब 52 हो गई हैं। जिले में रोजाना डेढ लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो रही हे। लेकिन उठाव फिर भी धीमी है। सोमवार को सिर्फ 68430 क्विंटल का ही धान उठाया गया है। पिछले दिनों सोसायटी प्रबंधको द्वारा 23 दिसंबर से हडताल किए जाने की चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद प्रशासन द्वारा बफर लिमिट वाले केन्द्रों में उठाव कराने प्राथमिकता दी जा रही है। जिले के नंदनीखुदंनी, कन्हारपुरी, कुम्हली, कोडिया, डोडकी, नवागांव, पथरिया, पाहरा, फेकारी, फुंडा, बिरेझर, दनिया, बोरी, रसमडा, सेलूद और छोटेपुरदा केन्द्रों उठाव शुरू करा दिया हैं, विगत दिनों बोरी के किसनों ने आंदोलन किया था। जिसके बाद उठाव में तेजी आई हैं। इसके आलावा भेडसर, सेलूद, आलबरस, नगपुरा, दमोदा, हिर्री में भी जाम के हालात थे। यहां भी उठाव शुरू हो चुकी है। जिसके बाद प्रबंधको ने राहत की सांस ली हैं।

हरिभूमि सरोकार



### उठाव के साथ खरीदी भी धीमी

जिले में 114779 किसानों ने 122758 हेक्टेयर में धान बेचने पंजीयन कराया है। जिसमें अब तक 62628 किसानों से 29 लाख 44 हजार क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। टोटल पंजीकृत रकबे में करीब 56084 हेक्टेयर यानि आधे रकबे में खरीढी हुई हैं। जबकि खरीदी के तीन माह में डेढ माह गुजर चुके है, वही किसानों के बाद दिसंबर में पांच और जनवरी में सिर्फ 21 दिन ही शेष हैं। ऐसे में न सिर्फ उठाव बल्कि खरीदी में भी तेजी लानी होगी।

### 50 फीसदी से ज्यादा कर्ज वसूली

खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जिले के किसानों ने 330 करोड रूपए का कर्ज लिया था। जिसमें अब तक 193 करोड रूपए से अधिक की कर्ज वसूली भी हो गई हैं। किसानों द्वारा धान बेचने के बाद तत्काल कर्ज की राशि काट ली जा रही हैं। हांलाकि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश में सिर्फ पच्चीस फीसदी कर्ज वसूली तत्काल में करने के निर्देश है, ताकि किसानों के हाथ खाली न हो पाए। लेकिन धान बेचने ही यहां कर्ज की वसूली की जा रही हैं।

### पांच से बढ़कर सोलह लाख क्विंटल का डीओ

विगत अठारह दिसंबर को पांच लाख क्विंटल का डीओ जारी किया गया था, वही 23 दिसंबर को 16 लाख 18 हजार क्विंटल का डीओ जारी कर दिया गया हैं। अब तक डेढ सौ मिलरों में सवा सौ ने मिलिंग करने एग्रीमेंट करा लिया है। एग्रीमेंट के बाद उठाव के लिए डीओ जारी होने का सिलसिला शुरू हो गया हैं। अब तक जिले में साढे पांच लाख क्विंटल का उठाव किया गया है, जो टोटल खरीदी का 18 फीसदी हैं। बहरहाल मौसम की आंखमिचौली से बारिश की भी संभावना बनी हुई हैं। ऐसे में उठाव में तेजी लानी होगी।

### टारगेट से भी खरीदी पिछड़ी

जिले में इस बार 64 लाख 84 हजार क्विंटल खरीदी का टारगेट रखा गया हैं। जिसमें अब तक 29 लाख क्विंटल की ही खरीदी हुई है। अब तक पचास फीसदी भी खरीदी नही हुई हैं। ऐसे में टोकन का इंतजार कर रहे किसानों की चिंता बढने लगी है। सोसायटी प्रबंधको ने बताया कि, आनलाइन टोकन आगामी पन्द्रह जनवरी तक फूल हैं, वही सोसायटी से भी इसी दिन तक टोकन फूल दिख रहा हैं। ऐसे में अभी भी बडी संख्या में किसान धान बेचने टोकन नही ले पाए हैं। किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है।

**उठाव करा रहे**

मिलर एग्रीमेंट करा रहे है। एग्रीमेंट होते ही डीओ जारी किया जा रहा हें। जाम वाले केन्द्रों में पहले उठाव करा रहे हैं।

**-भौमिक बघेल**, डीएमओ, दुर्ग

### पुलिस अधीक्षक ने ली अधिकारियों की बैठक

# नए साल में हुल्लड़ करने वाले गुड़ों की आएगी शामत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नववर्ष के स्वागत के लिए ट्विनसिटी में व्यापक तैयारियां चल रही है। नववर्ष की स्वागत में खल्ल ना पहुंचे इसके लिए पुलिस भी मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने कंट्रोल रूम में राजपत्रित अधिकारियों और जिले के थाना प्रभारियों की बैठक लेकर कई आवश्यक निर्देश देते हुए गुड़ें, बदमाशों के धर पकड़ की योजना पर फोकस किया है। नए साल को मनाने के लिए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में थाना प्रभारियों की बैठक लेकर हिदायत दिया। भीड इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग तगड़ी होगी। गुंडे बदमाशों पर भी होगी कार्रवाई। जिले में कानून व्यवस्था ड्यूटी को मुस्तैदी पूर्वक करने के निर्देश भी दिए है। थानों के लंबित पड़े प्रकरणों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने को कहा गया है। एसपी ने कहा कि पुलिस गशत और चेकिंग अभियान को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। पुलिस विजिबल हो और चौक चौराहों पर दिखना चाहिए। नए साल को आठ दिन बचा हुआ है इसे लेकर पुलिस डोर टू डोर सुरक्षा को लेकर कार्य करने की तैयारी में जुट गई है। जिले में लगातार वारदात होने से पुलिस की सुरक्षों को लेकर सवाल खडे हो रहें है। शहर में बेखौफ घुमने वाले अपराधियों की खैर नहीं होगी। पुराने अपराध कर फरार होने वाले अपराधियों को भी पकड़ा जाएगा। इस दौरान बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक समेत थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस अफसर मौजूद थे। इस बैठक के बाद जिलेभर के थाना प्रभारी गुड़ें-बदमाशों को सूचीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी है। नए वर्ष के पहले कई गुड़ें बदमाश जेल के भीतर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत जाएंगे। कानून व्यवस्था हल हार में बनाए रखने पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। देरात तक घुमने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस तैयारी कर रही है।

- पुलिस गश्त और पेट्रोलिंग की व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश

## ट्रैफिक पुलिस ने फिर बनाया मरीज के लिए ग्रीन कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को ग्रीन कोरिडोर बनाकर मित्तल हॉस्पिटल से गंभीर मरीज को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर शिफ्ट किया। 22 दिसंबर को को गंभीर मरीज के उपचार के दौरान स्वास्थ्य में सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम भिलाई मित्तल अस्पताल से नारायणा अस्पताल ग्रीन कोरिडोर बना कर पहुंचाया गया। जिसकी ट्रैफिक व्यवस्था के लिए एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर ट्रैफिक एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में ट्रैफिक के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मिलकर बनाये गये थे ग्रीन कोरिडोर। हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 40 मिनट में एम्बुलेंस को रायपुर पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग 2 के द्वारा पायलेटिंग किया गया। चौक चौराहों में ट्रैफिक के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मोर्चा संभाला गया। अब तक 29 गंभीर मरीजों के लिए ग्रीन कैरिडोर बनाया जा चुका है।

## खेमुका बने अखबार वितरक संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



विगत दिनों स्थानीय न्यू बस स्टैंड दुर्ग में शहर के अखबार वितरक संघ की एक बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में समाचार पत्र वितरक शामिल हुए। बैठक में समाचार पत्र वितरण में आने वाली परेशानी से संबंधित चर्चा के अलावा संघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन भी किया गया। वर्तमान सचिव छन्नू लाल सिन्हा द्वारा अध्यक्ष पद के लिए संदीप खेमुका के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। कार्यकारिणी के बाकी सदस्यों में उपाध्यक्ष संजय चंद्राकर, सचिव छन्नू लाल सिन्हा, सह सचिव संजय नायक, कोषाध्यक्ष विकास बेहरे, प्रचार सचिव धनीराम साहू चुने गए। संजीव जैन (छोटा), क्षेत्रपाल चंद्राकर, जमील खान, यशवंत देवांगन, प्रशांत निर्मलकर, शैलेश टैंक आदि को कार्यकारिणी में लिया गया है। ज्ञात रहे की समाचार पत्र विक्रेता संघ दुर्ग एक रजिस्टर्ड संस्था है। जिसे डॉ. रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में अक्टूबर 2012 में असंगठित कर्मकार साइकिल सहायता योजना के तहत 120 साइकिल वितरित की थी। संघ में एक हजार हॉकर है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सभी हॉकरों को कर्मकार योजना के तहत साइकिल वितरण किए जाने की मांग की जा रही है।

### महेश वर्मा के नाम पर बन सकती है आम सहमति, दिग्गज भाजपा नेता खामोश

# जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक ने की रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भाजपा में देशव्यापी संगठन चुनाव अभियान के तहत मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद भिलाई जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष के लिए पार्टी पर्यवेक्षक गौरीशंकर अग्रवाल ने भिलाई जिला अध्यक्ष के लिए भाजपा के दिग्गज नेताओं से रायशुमारी की। उम्मीद की जा रही है। 25 दिसंबर तक जिला भाजपा अध्यक्ष का नाम तय कर लिया जाएगा। हालाकि मौजूदा अध्यक्ष महेश वर्मा को फिर से दायित्व सौंपे जाने की पूरी संभावनाओं के बीच नए दावेदार भी सक्रिय है। जिलाध्यक्ष को लेकर पूर्व सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय और पूर्व विधानसभा प्रेमप्रकाश पांडेय पूरी तरह खामोश है। संगठन महापर्व के तहत आज जिला भाजपा कार्यालय भिलाई में नये जिलाध्यक्ष के नाम पर रायशुमारी हुई। पर्यवेक्षक गौरीशंकर अग्रवाल की अध्यक्षता में सांसद विजय बघेल , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, शिरीष अग्रवाल, वीरेंद्र साहू , ब्रजेश बिचपूरिया, राकेश पांडेय, महेश वर्मा सहित सभी जिला पदाधिकारीगण एवं मंडल अध्यक्षगण व वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।






### भिलाई जिलाध्यक्ष के दावेदार सक्रिय

मंडल अध्यक्षों की घोषणा में आम सहमति का बड़ा असर देखने को मिला। विधानसभावार विधायक समर्थकों और भिलाई विधानसभा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के समर्थकों को महत्व दिया गया। पूरी सूची में सांसद विजय बघेल का दबदबा साफ दिखता है। मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा के बाद यह भी माना जा रहा है कि मौजूदा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा को एक अवसर और दिया जाएगा। महेश वर्मा ओबीसी वर्ग से है। काफी समय से पार्षद है और आरएसएस पृष्ठभूमि के साथ-साथ सांसद विजय बघेल का आशीर्वाद भी उनके साथ दिखता है। महेश वर्मा अपने कार्यशैली से डॉ. सरोज पांडेय और प्रेमप्रकाश पांडेय का भी आशीर्वाद पा सकते है। हालांकि सांसद विजय बघेल के खेमे से शारदा गुप्ता, प्रमोद सिंह, रामउपकार तिवारी, विनोद सिंह आदि का नाम भी दौड़ में शामिल है। वहीं प्रेमप्रकाश के खेमे से पीयूष मिश्रा, अनिल सोनी, बसंत प्रधान का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन संगठन में बराबर भागीदारी रखने के लिए जिला संगठन में अपने समर्थकों को स्थान दिलाना चाहते है। ऐसा बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष के लिए पुरूषोत्तम देवांगन, प्रेमचंद देवांगन, प्रवीण पांडेय, अरविंद जैन, विजय सिंह का नाम भी दौड़ में शामिल है। आरएसएस की और से गिरीश अग्रवाल व प्रेमलाल साहू का नाम भी सामने आ रहा है। पूर्व सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय के समर्थक भी दावेदारी करने में पीछे नहीं है। इस खेमे से सत्येंद्र सिंह, भूषण अग्रवाल, विजय जायसवाल का नाम सामने आ रहा है। जिलाध्यक्ष को लेकर हालांकि बड़े नेताओं ने अपना पत्ता नहीं खोला है। लेकिन महीने के आखिरी तक जिलाध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# खबर के बाद मची खलबली, निगम ने आनन-फानन में हटाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आबादी जमीन पर कचरा डंप किए जाने के मामले में एनजीटी के नोटिस के बाद निगम प्रशासन हरकत में आ गया है। सोमवार को जिला प्रशासन और निगम प्रशासन ने मुहिम चलाकर पुलगांव वार्ड में डंप कचरे को हटाने का सिलसिला शुरू कर दिया है। सुबह से ही बड़ी संख्या में हाईवा और जेसीबी वाहनों के जरिए डंप किए गए कचरो को अफसरो की उपस्थिति में हटाया गया। अफसर का साफतौर पर कहना है कि, यहां से कचरो को हटाकर दूसरे जगह शिफ्ट किया जाएगा। कचरा को हटाए जाने की प्रक्रिया के बीच आसपास के रहवासियों ने राहत की सांस ली है।

हरिभूमि द्वारा इस मामले को लेकर 21 दिसंबर की अंक में खबर प्रकाशित की गई थी। एनजीटी द्वारा जारी नोटिस की इस खबर के दूसरे दिन बाद ही निगम और जिला प्रशासन हरकत में आ गया और सोमवार को सुबह से ही कचरे को हटाने का सिलसिला शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि, नगर निगम दुर्ग द्वारा लंबे समय से पुलगांव की आबादी भूमि खसरा क्रमांक 148-1 में शहर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जा रहा था। पार्षद सहित रहवासियों एवं कपड़ा व्यापारियों द्वारा कई दफा आबादी भूमि में कचरे को फेंकने के खिलाफ नाराजगी दिखाई गई है। लेकिन इसके बावजूद निगम प्रशासन ने इस नाराजगी को नजरअंदाज करते हुए फिर उक्त भूमि पर दो ट्रक कचरा फेंक दिया है। इस मामले की शिकायत वार्ड क्रमांक 55 की पार्षद हेमेश्वरी निषाद ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल के समक्ष एक याचिका दायर कर की थी। एनजीटी के मापदंड के अनुसार नियमानुसार अधिकृत डंपयार्ड पर ही ठोस एवं अपशिष्ट कचरों को डाला जा सकता है। आबादी भूमि पर कचरा डालने का कोई प्रावधान नहीं है। यहीं कारण है कि, एनजीटी ने प्रकरण में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव, कमिश्नर, कलेक्टर दुर्ग, नगर निगम दुर्ग एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य के नाम नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।




रविवार को छपी खबर

## एनजीटी के नोटिस के बाद हरकत में निगम प्रशासन

### कचरे का नियमत: बनाना हैं खाद

एनजीटी के नियमों के तहत शहर से निकलने वाले कचरों का खाद बनाना है। लेकिन निगम प्रशासन कभी कचरे को गड्डा पाटने में उपयोग किया जा रहा है तो कभी इसे अघोषित स्थानों पर डंप कर रही है। जबकि एसएलआरएम सेंटर से निकलने वाले कचरों का खाद बनाया जाना है। निगम प्रशासन द्वारा पोटियाकला में इसके लिए प्लांट भी लगाए जा रहे है। लेकिन निगम से निकलने वाले कचरों को वर्तमान में शहर के अघोषित स्थानों में डंप किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा का कहना हैं कि, प्लांट लगने के बाद रोजाना शहर से निकलने वाले कचरों का निष्पादन कर लिया जाएगा।



### विकसित इलाकों में शामिल है पुलगांव

नगरनिगम के अधीन आने वाले पुलगांव वार्ड लगातार विकसित हो रहा है। यहां शहर का सबसे बड़ा कपड़ा मार्केट पहले ही व्यवस्थापित है, इसके अलावा कई आवासीय कॉलोनियां भी बस गई है। जिसके चलते यह इलाका आवासीय आबादियों में शामिल है। निगम द्वारा जिस इलाके में कचरा डंप किया जा रहा था, वहां पास ही बीएसएफ का कैंप लगता है, वही बाल कल्याण का सुधारगृह है। इन सबके बावजूद वहां बड़े पैमाने पर कपड़ा व्यवसाय व्यापार करते हैं। जिनके द्वारा इस बात की आपत्ति भी की गई थी कि, कचरा डंप करने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। यही कारण है कि, एनजीटी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और नोटिस जारी किया है।

## खबर संक्षेप



### वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाया

दुर्ग। गोड़वाना समाज द्वारा ग्राम पिपरछिड़े में शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाया गया। समाज प्रमुख द्वारा समाज के आराध्य देव भगवान बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर गौरा कलश यात्रा निकाली गई। जो पूरे गांव के भम्रण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। तत्पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए देश सेवा के कार्यों को याद किया गया । इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष तुलसी रामकुमार, हिमांषु शेख मंडावी, गिरधर मरकाम, संभाग संतोष कुंजाम, चुरामन कतलम, नरेन्द्र मंडावी, योगेश्वर छैदेय्या, बाल किशन ठाकुर, सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी ठाकुर, जप श्रीमती चन्द्रकला तास्म, सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया जिसमें रंगोली में प्रथम किरण ठाकुर, द्वितीय झमीता उइके, तृतीय डिम्पल ठाकुर रही। मेधावी छात्र मानसी मंडावी विनय कुमार खेल में कु. हिना ठाकुर कुडो में सम्मानित किया गया।

### बुजुर्ग महिला का बनाया आयुष्मान कार्ड

दुर्ग। घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों तक पहुंचाना है। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंतोदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिन की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की है। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से दूर न रहे। बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। घर पहुंचकर 16 से 22 दिस तक 1038 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। कसारीडीह निवासी 75 साल की बुजुर्ग महिला के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।



## तैयारी: निकाय और पंचायत के आरक्षण की तिथि बाद चुनाव का इंतजार

# मेयर और अध्यक्षों का 27 और दूसरे दिन पंचायतों का होगा आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**पार्षदों के आरक्षण बाद मेयर और अध्यक्षों की तिथि जारी**

निकायों के वार्डो का आरक्षण किए जाने के बाद आगामी 27 दिसंबर को निकायों के माहापौर और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए आरक्षण किया जाएगा। इसके दूसरे दिन 28 दिसंबर को ही पंचायतों का भी आरक्षण होगा। निकायों के मेयर और अध्यक्षों व पंचायतों के आरक्षण के बाद चुनाव तैयारियों में तेजी आने के आसार हैं।

उल्लेखनीय है कि, विगत दिनों जिला प्रशासन द्वारा नगरनिगम दुर्ग, अहिवारा, कुम्हारी और तीनों ब्लाकों के नगर पंचायतों का आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई हैं। वही राज्य के निर्वाचन आयोग द्वारा मेयर और अध्यक्षों के आरक्षण का भी फरमान जारी कर दिया गया है। विगत दिनों निकाय के वार्डो के आरक्षण बाद लोगों की नजरे मेयर के आरक्षण को लेकर टिकी थी। मिली जानकारी अनुसार नगरीय प्रशासन विभाग के जारी आदेश अनुसार मेयर और अध्यक्षों के लिए आगामी 27 दिसंबर 2024 को सुबह दस बजे पं दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम साईंस कालेज रायुपर में प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



### नहीं आई चुनाव की तारीख

बहरहाल चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह भी जारी कर दिया है। निकाय और पंचायतों का आरक्षण भी हो जाएगा। लेकिन अब तक चुनाव की तिथि नही आने से यह चर्चा का विषय बना हुआ हैं। राज्य शासन द्वारा निगम ओर पंचायत चुनाव एक साथ कराने की बात कही हे। वही विगत विधानसभा सत्र में विधेयक पास कर छः माह के अंदर चुनाव कराने जाने की अनुमति ली गई हैं। जिससे चुनाव को लेकर लोगों में इस बात की चर्चा है कि, कई चुनाव की तारीख छः माह आगे न बढ जाए। खैर आरक्षण की चल रही प्रक्रिया को देखकर चुनाव जल्द कराने की भी चर्चा हो रही हैं।

### पंचायतों का आरक्षण 28 एवं 29 को

जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही 28 एवं 29 दिसम्बर 2024 को की जाएगी। जिला के प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत के सभा कक्ष में 28 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यपूर्णता तक जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। जनपदों के सभा कक्ष में 28 एवं 29 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य पूर्ण होने तक जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच के आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। वही 28 एवं 29 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य पूर्ण होने तक वार्ड पंच के आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

# सैकड़ों से रायशुमारी बाद भेजे जिला अध्यक्ष के लिए दो नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद भाजपा संगठन द्वारा जिला अध्यक्षा की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी की अगुवाई में करीब सौ से अधिक पदाधिकारियों से वन टू वन रायशुमारी की गई। रायशुमारी के इस प्रक्रिया के बाद छनकर आए दो नामों को राज्य में भेजा गया हे, जिसकी घोषणा तीस दिसंबर के पहले कर दी जाएगी। जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को आयोजित बैठक के लिए संगठन ने सौ से अधिक लोगों की सूची रायशुमारी के लिए बनाई थी। जिसमें भाजपा संगठन के पदाधिकारी, पूर्व मंडल और वर्तमान मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता शामिल थे। इन सभी से दो घंटे तक वन टू वन चर्चा की गई। इसके पहले सामुहिक रूप से भी अध्यक्ष पद के लिए सहमति मांगी गई। सूत्रों ने बताया कि, बैठक के बाद अंत में दो नामों को फाइनल कर भेजा गया हैं। जिसमें संगठन महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक और पूर्व सांसद सरोज पांडेय के करीबी कांतिलाल बोथरा का नाम है। इन दोनो ही नामें में जिला अध्यक्ष पद के लिए फाइनल किया जाएगा। जिला कार्यालय में इस दौरान सांसद विजय बघेल, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक बालमुकुंद चंद्राकर, रमशिला साहू, चंद्रिका चंद्राकर, चतुर्भूज राठी, अजय वर्मा सहित अन्य थे।

- बैठक के बाद दो घंटे वन टू वन सौ लोगों से पूछी राय

### सामने आए दोनों नाम दो खेमे में शामिल

जानकारी अनुसार जिला संगठन द्वारा सुरेन्द्र कौशिक का नाम आगे किया गया। रायशुमारी के दौरान यह भी देखा गया कि, जो नाम बढाए गए हैं उसके प्रस्तावको की संख्या कितनी हें। इधर पूर्व सांसद सरोज पांडेय के गुट के कांतिलाल बोथरा का भी नाम जिला अध्यक्ष पद की दौड में पहले ही था। अब देखना है कि, आने वाले दिनों दो किस खेमे द्वारा दिए गए नाम का पलडा भारी रहेगा।

# शराब दुकान को हटाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर में पेयजल, आवास, अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, ग्राम में कोटवार की नियुक्ति कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 105 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान बडी संख्या में फरियादी जिला कार्यालय पहुंचे थे।

- जनदर्शन में आज 105 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन के दौरान डून्डेरा जोरातराई ग्रामवासियों ने डून्डेरा जोरातराई मुख्यमार्ग में स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थापित करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि, शराब दुकान सड़क किनारे होने से रोड में भीड़ के कारण जाम बना रहता है। जिससे लोगों को खास कर महिलाओं और स्कूली बच्चों को आने-जाने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बेलौदी ग्रामवासियों ने एनीकट के उपरी सतह एवं गेट मरम्मत कराने दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि बेलौदी उरला एनीकट की उपरी सतह पूर्ण रूप से छतिग्रस्त हो गया है एवं गेट भी खराब होने के कारण नदी में पानी नही रूक पाता है, जिससे आस-पास के क्षेत्रवासियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जामुल निवासी कृषक ने बोर कनेक्शन हेतु विद्युत लाईन प्रदाय करने आवेदन दिया। कृषक ने बताया कि उनके खेत से ट्रांसफार्मर एक हजार फीट की दूरी पर स्थित है। विद्युत लाईन प्रदाय नही होने के कारण खेतों को सिंचित करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा। एएनएम ने गर्भवती माताओं एवं बच्चों को टीकाकरण के लिए भवन उपलब्ध कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र वार्ड नम्बर 2 रूआबांधा में स्थित सामुदायिक भवन में गर्भवती माताओं की जांच एवं बच्चों को टीका लगाने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



# जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में यशोदा नंदन चिल्ड्रन हॉस्पिटल सिंधी कॉलोनी में 10 पदों, एलआईसी ऑफ इंडिया सिविक सेंटर सेक्टर-6 भिलाई में 100 एवं एलआईसी ऑफ इंडिया नेहरू नगर भिलाई में 150 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### मनौती : सायकल से रामेश्वर रवाना

दुर्ग। रामभक्त मंगल साहू कसारीडीह सिविल लाईन शीलता तालाब समृद्धि बाजार के बाजू स्थित राम मंदिर से भगवान राम दरबार, हनुमान मंदिर में विधिवत पूजन के साथ ही छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर बालक का ध्यान के साथ ही सनातन एकता एवं हिन्दू राष्ट्र की मनौती का संकल्प लेकर, सायकल द्वारा दक्षिण भारत रामेश्वरम एवं कन्याकुमार यात्रा का शुभारंभ किया।



# आयुक्त ने पीएम आवास का किया निरीक्षण बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना गणपति विहार के पीछे मां कर्मा मोर मकान मोर-आस के तहत निर्मित 1 बीएचके फ्लैट का निरीक्षण करने आयुक्त सुमित कुमार अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मोर जमीन मोर मकान के तहत गोकुल नगर के फ्लैट एवं गणपति विहार के पीछे मां कर्मा इत्यादि का निरीक्षण किया। पीएम आवास की जानकारी मौजूद अधिकारियों से ली। उन्होंने बचे हुए प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- गोकुल नगर व गणपति विहार के फ्लैटों का किया निरीक्षण

अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट देते हुए बताया कि सभी पीएम आवास मकान पूरी तरह से तैयार है। कमिश्नर ने कहा कि बचे हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही। आवास योजना के तहत पूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री अग्रवाल ने कहा किए शासन की बहुत महत्वकांक्षी योजना है। योजना अनुसार बेघरों को नियमानुसार आवास आबंटन करना है। आबंटन के लिए निर्माण में तेजी लाकर सभी क्षेत्र के निर्माणाधीन बचे हुए आवासो को जल्द पूर्ण किया जाएए ताकि बेघर परिवार का स्वयं के आवास का सपना साकार हो सकें। आयुक्त ने निरीक्षण के मौके पर हितग्राहियों से बातचीत की और योजना के तहत आवास निर्माण एवं अन्य मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी सुरेश केवलानी, उपअभियंता हरिशंकर साहू व सी एलटीसी एक्सपर्ट सहित पीएमसी के कर्मचारी मौजूद रहे।



## ग्रीन चौक अब जाना जाएगा शहीदों के नाम से, महापुरुषों की लगी प्रतिमा

# मोर शहर मोर जिम्मेदारी अंतर्गत शहीद चौक का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ससंद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा ने जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के बीच स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर शहीद चौक सौन्दर्याकरण एवं शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, सरदार उधम सिंह, क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आजाद एवं नेताजी सुभाष चंद्रबोस की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। सांसद विधायक व महापौर ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ग्रीन चौक में निर्मित यह आदमकद मूर्ति 7 फीट ऊंची और 300 किलो वजनी है। लगभग 70 लाख से ग्रीन चौक में स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर सरदार उधम सिंह, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाष चंद बोस की प्रतिमा अनावरण किया गया।

- 7 फीट ऊंची, 300 किलो वजनी, 70 लाख की लागत है प्रतिमा की



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिमाएं सम्मान का प्रतीक है। शहर के चौराहों पर लगी प्रतिमा हमको उनके कार्यों ओर बलिदानों को याद कराती है। इस महत्वपूर्ण कदम से शहर की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने शहर क्षेत्र अंतर्गत महापुरुषों के प्रतिमाओं का रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

कार्यक्रम में मौजूद नागरिको एवं सिंघ सभा समाज के लोगों ने सभी अतिथियों को बधाई दी। महापौर धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी पहल हमारे अतीत का सम्मान करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा अरविन्दर सिंग खुराना, अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरू सिंघ,सभा, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, पार्षद राजकुमार नारायणी, संजय कोहले, भोला महोविया, अरुण सिंह, नरेश तेजवानी, नीता जैन, सत्यवती वर्मा, बिजेंद्र भारद्वाज, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, भास्कर कुंडले, फतेह सिंह भाटिया, राजेन्द्रपाल सिंग भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, आरके जैन, पंकज साहू सहित आदि मौजूद रहें।

# केंद्रीय जेल में उल्लास साक्षरता केंद्र का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत केंद्रीय जेल में महिला एवं पुरुष कैदियों के लिए पृथक-पृथक दो उल्लास साक्षरता केंद्र का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध आसाक्षर कैदियों को न केवल पढ़ना लिखना और अंकगणित की समझ के कौशल को विकसित करना है अपितु आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करना और जीवन कौशल की समझ को समृद्ध करना है। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा की इस यात्रा में निकलने वाला प्रत्येक शिक्षार्थी न केवल पढ़ना लिखना सिखता है बल्कि अपने अंदर एक महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सक्षम होता है और हमारे अच्छे विचार हमें सपनों के एक कदम करीब लाते है। कार्यक्रम के अंत में जेल में निरुद्ध असाक्षर कैदियों को कलेक्टर सुश्री चौधरी ने पठन सामग्री वितरित कर उल्लास नवभारत साक्षरता का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मनीष संभाकर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ पुष्पा पुरुषोत्तम, अमित घोष, संजय वर्मा, श्याम ठाकुर, जेल शिक्षक अतुल मिश्र आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती व मड़ई कल

अंडा। ग्राम चन्दखुरी में गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को गुरु



घासीदास जयंती एवं मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सुनील सोनी स्टार नाईट का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद-दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता ललित चन्द्राकर विधायक-दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि माया बेलचंदन सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, दीपिका चन्द्राकर जनपद सदस्य-जनपद पंचायत दुर्ग आदि उपस्थित रहेंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

कुम्हारी। वार्ड क्रमांक 8 शांति नगर कुम्हारी में राधे-राधे महिला समिति एवं नगर वासियों के तत्वावधान में



श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा बालव्यास आचार्य पं. सोमेश शुक्ला महाराज (मलपुरी वाले) होंगे। कथा में यज्ञचार्य पं. लक्ष्मीनारायण महाराज पिसौद, जिला-जांजगीर चांपा से होंगे। वहीं प्रायणकर्ता पं. गौरव तिवारी कोरबा से होंगे। भागवत महापुराण दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

### सेलूद में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 26 से

सेलूद। गांधी चौक सेलूद निवासी शरव वर्मा के परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 26 दिसम्बर से किया जा रहा है। इस



कथा के कथावाचक वृंदावन वाले कथा व्यास बाल व्यास नागेन्द्र महराज होंगे। इसमें 26 दिसम्बर को कलश यात्रा, गोकर्ण कथा, 27 को परीक्षित जन्म, कुंती स्तुति, 28 को प्रहलाद चरित्र वामन अवतार, 29 को राम जन्म कृष्ण जन्म, 30 दिसंबर को नंदोत्सव बाल लीला, कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, 31 को रुखमणी विवाह, 1 जनवरी परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र, 2 जनवरी हवन, गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, वृंदाव होली आनंद, 3 जनवरी भंडारा व शोभायात्रा का आयोजन होगा।

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल

अंडा। पिछड़ा वर्ग सम्मेलन ग्राम खप्परवाड़ा जिला बालोद में 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों को साथ लेकर शामिल होने राजधानी से रवाना होकर शामिल होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू को भी मुख्य क्रमशः विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धनेश चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास, दीपक चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन को बनाया गया है। स्वागत समिति के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बनाया गया है। उक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने दी।

## निधन

### एसएम पाई

दुर्ग। जिला अस्पताल की पूर्व मेट्रन एमआईजी सी 458, पदमनाभपुर



दुर्ग निवासी एसएम पाई उम्र 90 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जेल रोड दुर्ग स्थित कब्रिस्तान में 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे अनिल कुमार और अर्चना पीटर की मां थीं।

---

### गांव-गांव में लाभार्थियों का हो रहा है सम्मेलन, महिला एवं बाल विकास विभाग सक्रिय

# नारी सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी छग में महतारी वंदन योजना: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार और परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी विष्णु देव साय सरकार द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिंगरी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा आयोजित महतारी वंदन लाभार्थी सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया सभी नारी शक्ति को प्रणाम कर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। विभाग द्वारा प्रदर्शित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया गया। शासन की जनकल्याणकारी, योजनाओं की जानकारी लिया और बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया और महतारी वंदन योजना से लाभार्थी महिलाओं का शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। साथ ही पत्रकार और परियोजना पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया गया।

#### अतिथियों ने लाभार्थी महिलाओं का किया सम्मान



#### महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने महत्वपूर्ण पहल

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि आज मैं महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं के बीच उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह योजना हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से, हमारी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और प्रदेश के 70 लाख महिलाओं के डायरेक्ट खाते में हर माह 1000 रुपए डालने का काम कर रही है और प्रत्येक माह माह के पहले सप्ताह में पैसा खाता में डाल दिया जाता है। यह योजना महिलाओं को उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने में मदद करती है। आगे विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, जब नारी सशक्त होती है तब राष्ट्र भी मजबूत होता है। देश की आधी आबादी की चिंता हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने की है। नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है मोदी की गारंटी से प्रदेश में तरक्की का रास्ता खुल रहा है। इस कार्यक्रम में, हम महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित कर रहे हैं।

#### आत्मनिर्भर भारत का सपना हो रहा साकार

जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। पीएम मोदी व विष्णु देव सायं के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। उनके महतारी वंदन योजनाओं से महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अब नारी शक्ति आत्मनिर्भर हो रही हैं छोटे छोटे जरूरत की चीजों को स्वयं निर्वाहन कर रही हैं। इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मीरी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, नायब तहसीलदार कलिहारी, परियोजना अधिकारी उषा झा, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, जनपद सदस्य विक्की मिश्रा, सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, आमटी सरपंच घनश्याम साहू ,देवकी साहू, प्रमिला वर्मा, दिनेश मिश्रा, पटवारी तोषी दिल्लीवार, ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी सहित महतारी वंदन योजना लाभार्थी महिला उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मंच संचालन संजू खिलेन्द्र यादव ने की।

---

## अंचल की खबरें

### उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी को मिला राज्य में प्रथम स्थान



धमधा। विकासखण्ड धमधा के अंतर्गत संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी को कायाकल्प योजना अंतर्गत छग राज्य में संचालित शासकीय अस्पतालों में सफाई प्रबंधन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोगी सेव में सुधार के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत, स्वच्छ अस्पताल योजना में किये गये कार्यों के आधार पर वर्ष 2023-24 के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र की श्रेणी में उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी जिला दुर्ग को राज्य स्तरीय प्रथम पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र, मोमेंटम, और एक लाख की राशि से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल द्वारा 21 दिसम्बर को सम्मानित किया गया हैं। इस सफलता के पीछे कलेक्टर दुर्ग रिचा प्रकाश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी, जिला क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. आरके खण्डेलवाल एवं क्वालिटी टीम, खण्ड चिकित्सा अधिकारी धमधा डॉ. डीपी ठाकुर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक धमधा रिचा मेश्राम का समर्पित योगदान हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी में पदस्थ सीएचओ दीपशिखा यादव, आरएचओ प्रतिमचंद साहू, आरएचओ अम्बिका सिन्हा का कायाकल्प योजना के मानको के अनुरूप तैयार करने में विशेष योगदान रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिभा खोज स्पर्धा शुरु



जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सोमवार को दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा का उद्घाटन प्राचार्य पीएल बारले ने किया। विद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को तलाशने के लिए प्रतिवर्ष प्रतिभा खोज स्पर्धा का आयोजन करती है। इस स्पर्धा में चयनित विद्यार्थी अगले वर्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित जिला प्रांत क्षेत्र राष्ट्र स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा अवसर अनुरूप निभाएंगे। 21 ग्रामों से आने वाले विद्यालय के विद्यार्थी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

वहीं विद्यालय स्तर पर प्रतिभा खोज स्पर्धा का दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। जिसमें गणित प्रदर्शनी, व्यंजन मेला, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, योग, कैरम, शतरंज, वालीबाल, विविध प्रकार के दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, रिलेरेस, जलेबी दौड़ आदि खेल आयोजित है।

व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर ने बताया कि प्रतिभा खोज स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी सत्र सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित जिला संभाग प्रांत में प्रतिभागी बनने का अवसर मिलता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान डॉ हेडगेवार सदन में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह 12 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

---

### नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं के साथ सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



भाजपा के शीर्ष कार्यकारिणी ने सदा अपने निर्णय अप्रत्याशित रूप से लेकर सभी को चौकाया है। सभी संभावनाओं से अलग युवा शक्ति को मण्डल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। वैसे तो कुम्हारी मण्डल के सभी प्रत्याशी युवा, ऊर्जावान, उत्साही और लोकप्रिय हैं किन्तु इस दौड़ में भाजपा के शीर्ष कार्यकारिणी ने स्थानीय युवा धर्मेन्द्र सिन्हा को इस पद का दायित्व देकर युवाओं में उत्साह का संचार कर दिया है। नगर के युवा भाजपाईयों सहित वरिष्ठ भाजपाईयों ने भी नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष को बधाई दी है। अध्यक्ष पद की घोषणा पश्चात नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष ने सांसद विजय बघेल से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, मनोज वर्मा, गोल्डी गोस्वामी, अवधेश शुक्ला, रामकुमार सोनी, मिथिलेश यादव, अनुराग गुप्ता, राजकुमार सिंह सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### हाइटेक में पैरामेडिकल का एक वर्षीय पाठ्यक्रम शुरु



भिलाई। हाइटेक पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में तीन विधाओं में एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसके लिये अभ्यार्थी को बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इन पाठ्यक्रमों में पैथोलॉजी टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन तथा ओटी टेक्नीशियन शामिल हैं। सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा अनुमोदित है। सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। पैथोलॉजी टेक्नीशियन के 30, एक्स-रे टेक्नीशियन के लिए 10 और ओटी टेक्नीशियन के लिए 10 सीटें उपलब्ध है। सभी पाठ्यक्रम एक वर्षीय है। पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद अभ्यार्थी सरकारी और निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी या डायग्नोस्टिक लैब में सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

### आरोग्यवेदा में आयुष्मान कार्ड पर उपचार पैकेज में 40 प्रतिशत तक फीस छूट



भिलाई। बिना सर्जरी व दवाई द्वारा हड्डी-नस संबंधी समस्याओं का उपचार, नसों में अथवा शरीर के विभिन्न हिस्सों में सुन्नपन, झुनझुनी का अहसास होना, सूजन रहना, गर्दन, पीठ व कमर में दर्द और जकड़न, उठते बैठते समय चक्कर लगना, उठने-बैठने व चलने में कठिनाई यानी शरीर को संतुलित रखने में परेशानी, नसों का चिपकना, वात रोग (आर्थराईटिस) - गर्दन दर्द (सर्वाइकल स्पांडिलाईसिस), क़मर दर्द (लंबार स्पांडिलाईसिस), रेडीकुलोपैथी, झुनझुनापन, डिस्क प्राब्लम-साईटिका, फ्रोजन सोल्डर (कंधों में जकड़न व अच्छे तरह नही घूमना), घुटने का ना मुड़ना, दर्द व चलने में कठिनाई होना, एड़ी की हड्डी का बढ़ना-चलने में कठिनाई, लकवा (पेरालिसिस) व सभी जोड़ो में दर्द रहना, शरीर में सूजन, लकवा, लंबे समय से कब्ज-अपच, फैटी लीवर, महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्या, आपरेशन के बाद जकड़न व अन्य गंभीर मामलों में मल-मूत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न होना इत्यादि रोग में बीमारी के सही कारणों को समझते हुए होलिस्टिक मेडीसीन उपचार दर्द और सूजन कम करने के साथ-साथ उसे पूरी तरह ठीक होने में मदद करते हैं। उपचार प्रक्रिया जैसे एक्यूपंक्चर, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, कपिंग थेरेपी, जल चिकित्सा, योग थेरेपी, फिजियोथेरेपी, आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा, घरेलू उपचार, एक्यूथेरेपी और गैर-ऑपरेशन तकनीकों से इलाज किया जाता है। आरोग्यवेदा स्पाइन केयर सेंटर नेहरू नगर भिलाई व उतई छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट में लाईसेंस पंजीकृत हैं व आयुष्मान कार्ड लाने पर उपचार पैकेज में 40% तक फीस छूट है। संपूर्ण जानकारी के लिए www.aarogyaveda.com पर पता कर सकते हैं। वहीं डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की जानकारी दी है जिसमें देर तक गाड़ी चलाने की स्थिति में पीठ को सहारा देने के लिए तकिया लगाएं, कंप्यूटर पर अधिक देर तक काम करने वालों को कम्प्यूटर का मॉनीटर सीधा रखना चाहिए, कुर्सी की बैक पर अपनी पीठ सटा कर रखना चाहिए, थोड़े-थोड़े अंतराल पर उठते रहना चाहिए, उठते-बैठते समय पैरों के बल उठना चाहिए। आजकल देखा जा रहा है कि पेशेंट शुरुआत में इधर उधर जाकर किसी भी दावा करने वाले थेरेपिस्ट के चक्कर में पैसा, समय बर्बाद करने के साथ-साथ अपना शरीर को नुकसान पहुंचा चुके होते हैं। इसलिए क्वालीफाईड आयुष चिकित्सक व क्वालीफाईड एलोपैथिक चिकित्सक की सलाह से ही से दर्द निवारक दवा लेवें व ईलाज करावें।

### निर्मला रानी विद्यालय में हुआ वार्षिक खेल प्रतियोगिता




भिलाई। निर्मला रानी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर-11, जोन-2, खुर्सीपार, भिलाई में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि फॉ. बेसील तिर्की, विशेष अतिथि रामनिवास यादव एवं विद्यालय के प्राचार्य फॉ. थॉमस वडकेथरा, मैनेजर फॉ. संतोष तिग्गा, शिक्षकगण और अन्य स्टॉफ की उपस्थिति में रेड हाऊस को वीनर ट्रॉफी एवं येलो हाऊस को रनरअप ट्रॉफी प्रदान किया गया।

---

# वैदिक मंत्रों से गायत्रीमय हुआ धर्मधाम धमधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

▪ विधायक ने की दस लाख की घोषणा

ऐतहासिक नगर धमधा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में मनुष्य में देवत्व के उदय के लिये आहुतियां दी गई। महायज्ञ में पारंपरिक वेशभूषा में दंपत्ति यज्ञ विधि विधान पूर्वक पूरा कर रहे हैं। पावन बना दे हे देव सविता की भावना से मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में समिध अर्पित की गई। गायत्री परिवार एवं धर्मधाम गौरवगाथा समिति व्दारा आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में मुख्य यजमानों ने पवित्रीकरण कर मन, वाणी और अंतःकरण को शुद्ध किया। इसके पश्चात सर्वोतोभद्रपूजन कर सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए पुराहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर वातावरण का शुद्धिकरण किया। इसमें पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार एवं विद्या आरंभ संस्कार भी कराये गए। यज्ञशाला में शकुंतला यादव, लोकेश्वरी देवांगन, धर्मशीला शर्मा, ऊषा केसरा, जेठूराम निषाद ने उपाचार्य की जिम्मेदारी संभाली। यज्ञ में लोक कल्याण एवं वातावरण के परिष्कार के लिये घी व जड़ीबूटी वाली हवन सामग्री से आहूतियां दी गईं। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन, गोविन्द पटेल, ईश्वरी निर्मलकर, सुनील गुप्ता, सुजीत ताम्रकार, बीरेंद्र सोनी, दुर्गेश देवांगन, केशव देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भरदा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

अंडा। न्यू शिवाजी क्रीडा मण्डल एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम भरदा (कोनारी) के तत्वावधान में कबड्डी मैच का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11,001, द्वितीय 7001 , तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 रुपये रखा गया है। व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखा गया है।

---

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**


रा.प्र.क्र.-202412102700013/ब-121 / वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार पिता इन्दरू राम निषाद निवासी ग्राम अरसी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम अरसी, प.ह.नं.-2, रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में उनके पुत्री आशा का जन्म दिनांक 06/04/2004 को होने के कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथपत्र, पुलिस जॉंच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग जिला दुर्ग का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न कर पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 07/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।

तहसीलदार
बोरी
(मुहर) तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)









# सेल के श्रमिकों को मिले 26 हजार रुपए वेतन और पेंशन

## राष्ट्रीय इंटक की बैठक में लंबित मुद्दों पर बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी सहित सेल के ठेका मजदूरों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय इंटक ने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। मजदूरों को 26 हजार वेतन प्रदान किए जाने की मांग की गई है। साथ ही ग्रेज्युएटी सुविधा में दिए जाने पर जोर दिया है।

राष्ट्रीय इंटक के कार्यकारिणी की दिल्ली में हुई बैठक में देश के सेल सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने और ठेका श्रमिकों के वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव संजय कुमार साहू ने इंटक के अध्यक्ष डां जी संजीव रेड्डी एवं महासचिव संजय कुमार सिंह से मिलकर सेल के कर्मचारियों का अधूरा वेतन समझौता एवं 39 महीने का एरियर एवं सेल में स्थाई प्रकृति के 70% से अधिक कार्य ठेका श्रमिकों से कराए जाने के बाद उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा नहीं मिलने और सेल के ठेका श्रमिकों को 26000 रुपए न्यूनतम वेतन एवं ए डब्ल्यू ए को न्यूनतम वेतन में समाहित कर बेसिक का निर्धारण करने एवं सालाना इंक्रीमेंट दिलाने आदि मुद्दों पर चर्चा गई।



### मिले ग्रेच्युएटी व मंथली इंसेटिव

श्रमिकों की ठेका अवधि 5 साल से कम होने के कारण उन्हें ग्रेजुएटी की सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है। इसलिए ठेका बाद उन्हें ग्रेजुएटी की जगह अंतिम भुगतान दिया जाए और जहां पर ठेका श्रमिक लगातार 5 साल से ऊपर कार्य कर रहे हैं वहां पर ग्रेजुएटी की सुविधा प्रदान की जाए। श्रमिकों को नियमित कर्मियों की तरहआवास ,शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं रात्रि भत्ता एवं 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति होने पर पेंशन दिलाने की मांग की गई। योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं बोनस दिलाने पर चर्चा की ।

## खबर संक्षेप

### सीएम पहल पर तीजन का एम्स में इलाज शुरु

**भिलाई ।** सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई का एम्स अस्पताल रायपुर में इलाज शुरु हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हफ्तेभर पूर्व उनकी बीमारी की जानकारी मिलते ही



बेहतर उपचार की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए थे। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तीजन बाई के घर गनियारी पहुंचकर उनका हाल जाना और पांच लाख सहायता राशि का चेक देने के साथ बेहतर इलाज के लिए विभाग को निर्देशित किया था। घर पर ही मोटराइज्ड रिमोड कंट्रोल, आटोमेटिक बेड टेबल वऔर व्हील चेयर उपलब्ध कराने कहा था। इसके तहत सोमवार को तीजन बाई को एम्स रायपुर ले जाया गया । डांक्टरों ने चेकअप के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें घर पर ही यह सभी सामान उपलब्ध करवा दिए गए हैं। साथ ही एक मेडिकल आफिसर और फीजियोथेरेपिस्ट को भी तीजन की देखरेख में नियुक्त किया है। डांक्टरों की टीम घर पर ही उनकी जांच करेंगी।

### मो. रफी की जयंती पर संगीत संध्या आज

**भिलाई ।** अमर पार्श्व गायक मो,रफी की सौ वीं जयंती पर नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में मंगलवार को शाम 6 बजे संगीत संध्या होगी। गायक डां. जमीर फैजी, अंजू, संजीव, शेखर रियाज सुनील, रानी, रेखा, दीपक, मधुकर,आरिफ रफी के गीत गाएंगे। आयोजक डां. फैजी ने बताया किकार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केबिनेट मंत्र प्रेमप्रकाश पांडेय, विशेष अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग व एसपी जितेंद्र शुक्ला होंगे। संचालन आकाशवाणी एंकर दीपक हटवार करेंगे।

### निधन

#### बृजबाई बंछोर

**भिलाई।** ग्राम जरवाय निवासी



बृजबाई बंछोर उम्र 94 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार जरवाय में किया गया। वे ब्यास नारायण, गजानंद, नंदकुमार, अशोक एवं राजेंद्र बंछोर की मां थीं।

## आयोजन : बीएसपी के 572 कार्मिक व अधिकारी हुए सम्मानित

# कार्मिकों की लगन प्रेरक, कार्बनडाईआक्साइड रिडक्शन व कास्ट कंट्रोल में दें योगदानः दासगुप्ता

### नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित "नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को नेहरु सांस्कृतिक सदन, सेक्टर-1, में हुआ। 572 कर्मवीरों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें 33 अधिकारियों को जवाहर पुरस्कार, 65 कार्मिकों को नेहरू पुरस्कार और 62 समूहों में 474 कर्मचारियों को जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशकों ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, सीएमओ डां. एम रविन्द्रनाथ, ईडी राकेश कुमार, अरुण कुमार थे। ओए व सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी श्रमिक संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने कर्मचारियों के प्रेरक योगदान के लिए को सराहते हुए कहा कि उन्होंने सम्मान प्राप्त कर्मचारियों से कहा कि आपको दो साल में दो लक्ष्य के लिए योगदान देना है। पहला क्षेत्र कार्बन डाइऑक्साइड रिडक्शन, जिसमे इस्पात मंत्रालय द्वारा निर्धारित कार्बन डाइऑक्साइड का है। इसमें सफलता के साथ हमें अपने आपको इतना मजबूत कर लेना है और अपने कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन को इतना कॉम्पिटिटिव कर लेना है कि वर्ल्ड में सबसे कॉम्पिटिटिव स्टील हम बनाएं और हमारे देश में हमारा कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन, हमारा कॉम्पिटिशन इतना हो कि कोई हमारे सामने कोई खड़ा ना रह सके। सीजीएम श्री माथुर ने कहा कि समुचित प्रयास से संयंत्र उत्तोरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसित हों। समारोह का संचालन जीएम जे एन ठाकुर व आर रंजानी ने किया। सम्मानित कर्मियों के कार्यों का विवरण व प्रशस्ति पत्र की उद्घोषणा वरिष्ठ प्रबंधक निशा बाउल तथा अनुराधा साहा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक एच शेखर ने किया। नेहरू भवन में एक सेल्फी स्टैंड भी लगाया गया है। नेहरू पुरस्कार से सम्मानित कर्मचारियों ने उत्पादन, रखरखाव, सेवाओं, गुणवत्ता आदि को प्रदर्शित किया गया।

### तीन श्रेणियों में मिले पुरस्कार

कर्मियों अधिकारियों को यह पुरस्कार 3 श्रेणियों में प्रदान किया गया है। जवाहर अवार्ड की श्रेणी में अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए 8 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र। नेहरू अवार्ड में कार्मिकों को व्यक्तिगत योगदान के लिए 6 हजार और प्रशस्ति पत्र तथा जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार की श्रेणी में कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम को 10 हजार रुपये प्रति समूह या 2 हजार रुपये प्रति सदस्य और प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### मेहनत और प्रतिभा के मूल्यांकन से फौलादियों का बढ़ा हौसला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कीर्तिमानी सफर में कर्मवीर कार्मिकों और अधिकारियों का अहम योगदान है। सेल की ध्वजवाहक इकाई मेंउत्पादन, उत्पादकता और लाभार्जन की उपलब्धियों के पीछे फौलादियों के के पसीने की चमक है। अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का सुफल मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। बीएसपी के नेहरु, जवाहर और जवाहर लाल नेहरु पुरस्कार हासिल करने वाले फौलादी चाहते हैं कि पुरस्कार से हौसला तो बढ़ेगा ही साथ ही इससे बीएसपी को भी आगे चुनौतियां का मुकाबला करने में कामयाबी मिलेगी। इसी तरह फलता फूलता देखना चाहता हैं। बीएसपी द्वारा सोमवार को नेहरु सांस्कृतिक सदन में आयोजित नेहरु पुरस्कार वितरण समारोह में डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता व सभी कार्यपालक निदेशकों से तीनों प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल करना कर्मवीरों को लिए यादगार रहा।

#### जवाहर पुरस्कार प्रेरकः पवार



भिलाई विद्यालय के प्रिंसिपल विजय सिंह पवार को बीएसपी के शिक्षा विभाग व अपने स्कूल में शैक्षणिक योगदान के लिए जवाहर पुस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने कुशल प्रशासन से भिलाई विद्यालय में शैक्षणिक नवाचार व प्रबंधन किया जिससे रखरखाव में सुधार के साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा को पंख लगे। पिछले 3 वर्ष के दौरान हिंदी माध्यम भिलाई विद्यालय को इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित तो किया ही गया साथ ही दल्ली राजहरा के बंद हुए बीएसपी स्कूल के दस्तावेजों को सुव्यवस्थि व सुरक्षित रखने में भी योगदान दिया। श्री पवार बताते हैं कि स्कूल को इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किए जाने की प्रक्रिया के बाद इसका लाभ बच्चों को मिलेगा।

#### बेहतर प्लानिंग का प्रतीकः संहिता



बीएसपी की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम ) को दुनिया की सबसे लंबी रेल बनने का गौरव हासिल है। इसके पीछे तकनीकी कौशल से लैस प्रतिभान कर्मवीरों की पसीने की बूंदें छिपी हैं। इन मोतियों का आज जब मूल्यांकन किया गया तो उनकी आंखों में बेशुमार खुशी की चमक दिखी। यूआरएम के इलेक्ट्रिकल प्लानिंग में एस - 5 ग्रेड में कार्यरत कार्मिक संहिता को श्रेष्ठ इलेक्ट्रिसिटी काय में योगदान के लिए नेहरु पुरस्कार से नवाजा गया। उनके यूआरएम के स्टोर में सुपर स्पीड से दौड़ने वाली ट्रेनों की 260 मीटर पटरियों के गुणवत्तायुक्त उत्पादन में सहयोग करने वाले स्पेयर्स पाट्र्स का भंडार है। संहिता बताती हैं कि यूआरएम में कार्य के दौरान इलेक्ट्रिकल प्लानिंग का रोल बहुत महती होता है।

#### माडिफिकेशन से लागत कमः तरुण



ब्लास्ट फर्नेस के इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत तरुण कुमार साहू सीडीआई के माडिफिकेशन कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए नेहरु पुरस्कार प्रदान किया गया। वे 34 साल से बीएसपी मे कार्यरत हैं। बीएसपी के कीर्तिमानी उत्पादन में धमनभट्ठियों की अहम भूमिका होती है। लेकिन कोक से इनका संचालन एक बड़ी समस्या थी। प्रबंधन ने सीडीआई के विकल्प पर फोकस किया। श्री साहू ने इसके माडिफिकेशन में खासा अवदान दिया। वे बताते हैं कि ब्लास्ट फर्नेसों में कोक की जगह सीडीआई को उपयोग से लागत में कमी के साथ कार्बन भी कम हो रहा है।

#### कम हुआ डेमरेज चार्जः हिरवानी



बीएसपी का ओएचपी विभाग काफी बड़ा ही नहीं उत्पादन में अहम किरदार भी अदा करता है। यही वजह है कि कन्वेयर से अन्य विभागों को सामान भेजने का यहां के कार्मिकों का काम भी बड़ा चुनौतीभरा होता है, लेकिन इनका मुकाबला करने में विभागीय कर्मी कभी जी नहीं चुराते । ओएचपी के श्रमवीर रामकुमार हिरवानी को इसी तरह की चुनौती में योगदान देने के लिए नेहरु पुरस्कार दिया गया। उन्होंने प्लांट में सामानों की कुशल व सुरक्षित कन्वेरिंग ढुलाई की। श्री हिरवानी बताते हैं कि सिस्टम के मैनुअल वर्क से कम्प्यूटराइज्ड हो जाने से ओचपी से अन्य मिलों या शाप्स आदि विभागों में सामानों को भेजा जाना पहले की अपेक्षा सुविधाजनक हो गया है। हमारा ध्यान इस बात पर केंद्रित होता है कि वक्त की बचत के साथ बीएसपी को डेमरेज चार्ज भी न लगे। पुरस्कार मिलने से खुशी होती है और हम सब प्लांट आगे भी फलता फूलता देखना चाहते हैं।

#### टीम स्प्रिट का मूल्यांकनः राणा



बीएसपी में टीम वर्क से उत्पादन और प्राफिट के लक्ष्य को पूरा करने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने प्रबंधन द्वारा जवाहर लाल नेहरु पुरस्कार दिया जाता है। इस सम्मान से वायर एंड राड मिल के मेहनतकश कार्मिक अनिल कुमार राणा सहित 8 विभागीय सहकर्मियों को सम्मानित किया गया है। श्री राणा के साथ प्रेमजीत सिंह, अवनीश राय, दुर्योधन राव, मोबिनिद्दीन सिद्दीकी, लालू चेरियन और सुमेश्वर प्रसाद साहू व प्रहलाद राय के ग्रुप को जवाहर लाल नेहरु पुरस्कार मिलने से सभी बेहत खुश हैं। वायर एंड राड मिल में सुरक्षित वर्किंग और सामानों को लाने ले जाने में क्रेन आपरेटिंग, रोल बिल्डिंग और सेफ्टी पर ध्यान दिए जाने को प्रबंधन ने नोटिस में लिया।

## गांजा और शराब बेचने वाले आए पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** अवैध शराब और गांजा तस्करी करने वाले आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट, नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तितुरडीह दुर्ग स्थित मेश्राम भवन नायपारा में सुमन बारले, सिंधिया नगर शैलेन्द्र पाण्डेय, दो अपचारी बालको से 16.782 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 68 हजार 200 रुपए मिला है। आरोपियों द्वारा ग्राहक की तलाश में गांजा बेचने खडे थे। इसके अलावा शराब का अवैध कराबोर करने वाले वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग निवासी रामबाई बारले, दीपाली बारले के पास से 150 पौवा देशी शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 15 हजार 120 रुपए है। आरोपियों के पास से नगदी 15 हजार 820 रुपए बरामद किया गया। पुलिस ने इसमें संलिप्त 22 लोगों के खिलाफ अलग से आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। इसमें शामिल आरोपियों का बैंक खाता, लिंक खंगाले जा रहें है। इनके खातों को सीज करने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है। इस अवैध कारोबार के रकम से खरीदे गए एक्टिवा वाहन सीजी 07 सीएल 9553, बुलेट सीजी 07 सीयू 2031 और 45 हजार रुपए का सोना चांदी के जेवरात भी खरीदने की जानकारी आरोपियों ने पुलिस को दिया है।मोहन नगर थाना क्षेत्र में लंबे समय नशे का कारोबार जारी था। मोहन नगर प्रभारी पारस सिंह ठाकुर को इसकी जानकारी होने पर तुरंत एंटी नारकोटिट टॉस्क फोर्स के साथ मिलकर दबिश दिया।

**अभियान चलाकर पकड़ा गयाः** एएसपी अभिषेके झा ने बताया कि नशा के खिलाफ पुलिस बड़ा अभियान लगातार हर थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस ने गांजा और शराब के कारोबार में शामिल तीन महिला और एक युवक को पकड़ा गया। पुलिस ने इनके खातों को भी खंगाल रही है।

## एमजीएम स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया क्रिसमस का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- अनाथ आश्रम और वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां



एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में क्रिसमस का जश्न बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने खुले सभागार में क्रिसमस का जश्न मनाया, जो सीखने और मौज-मस्ती का संगम था। इस जश्न का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा कैरोल गायन और मंच पर शानदार तरीके से क्रिसमस का नजारा पेश करना था। इस जश्न के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने अनाथालयों और वृद्धाश्रमों का दौरा कर हालचाल जाना। स्कूल के ह्यूमैनिटीज क्लब ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की। क्रिसमस की खुशियां बांटने एमजीएम के विद्यार्थी अनाथ आश्रम और वृद्धाश्रमों में जाकर उनसे मिलकर हालचाल जाना और बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इसी कड़ी में 130 छात्रों और शिक्षकों ने स्नेह संपदा सेक्टर-8, अनाथालय बोरसी और मदर टेरेसा वृद्धाश्रम शांति नगर का दौरा किया। स्कूल के प्रिसिंपल टी एंटो जकैब ने नेक पहल करते हुए छात्रों को मूल्यवान जीवन जीने का अनुभव और समुदाय को खुशियां देने का अनुभव कराया। अनाथालय और वृद्धाश्रम में छात्रों ने अपने शिक्षकों और बुजुर्गों के साथ बातचीत करते हुए दिन बिताया। इस दौरान छात्रों ने नृत्य और क्रिसमस कैरोल गाकर सभी के बीच उत्सव की खुशियां बिखेरी। इस दौरान सभी जगहों पर फल और चॉकलेट सहित जरुरत के सामान वितरित किये।

## चाकू की नोक पर चार बदमाशों ने ठेकेदार को लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में ठेकेदार से लूट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 309 (4)- बीएनाएस, 311- बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 60, हाउसिंग बोर्ड उमदा निवासी एजाज ने शिकायत किया कि उसका बाउंड्रीवाल का काम प्लाट नंबर 97 इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में काम देखते है। इसके अलावा मिस्त्री हेमंत भारती रात में देख-रेख का काम करते हैं। 21 दिसंबर की रात को घर से इंजीनियरिंग पार्क हथखोज अपनी कार से जाते समय हेमंत भारती को भी साथ लेकर गया। रात 11 बजे हेमंत भारती फाउंडेशन के अंदर बने झोपड़ी में सोने चला गया। ठेकेदार एजाज अपनी कार में सो रहा था। रविवार की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति कार के पास आया और कार के दरवाजा को पीटने लगा। कार का दरवाजा खोलने पर पीड़ित को चाकू दिखाकर धमकाने लगा। कुछ देर बाद उसके अन्य साथी भी हाथ में रखे चाकु को दिखाकर जबरदस्ती पेंट की जेब में हाथ डालकर 4400 रुपए लूटकर फरार हो गया। घटना के समय एक आरोपी बाइक को लेकर खडा था। बाइक में फिर चारों फरार हो गए। पीड़ित के आवाज देने पर हेमंत भारती दौड़कर आया लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग निकले थे।

### मुक्ता सिनेमा के आरोपी भी हैं फरार

इसी माह भिलाई तीन स्थित मुक्ता सिनेमा में घुसकर गार्ड को बंधक बनाकर फिल्म पुष्पा दो के कलेक्शन को लेकर फरार हो गए। जिनका फुटेज भी पुलिस को मिल गया लेकिन आरोपी अब भी अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर है। अपराध को अंजाम देने वाले दो युवकों का भी फुटेज पुलिस को मिल गया लेकिन आरोपी अब तक पुलिस के पकड़ से बाहर है। घटना को दस दिन अधिक का समय हो चुका है। कुछ संदिग्ध किस्म के युवकों से भी पुलिस पूछताछ कर चुकी है बावजूद पुलिस के हाथ खाली है।

**इंजीनियरिंग पार्क में बढ़ रहा है अपराधः** औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में इंजीनियरिंग पार्क है। जहां आए दिन होने वाली चोरी की वारदातों के अलावा कई हत्या, लूट जैसे वारदातें हो चुकी है। इसके कारण उद्योगपतियों के नाक पर चोरों ने दम कर रखा है। ठेकेदार से लूट की घटना होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के हाथ खाली है।

## बीएसपी में विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला

# कार्मिकों की पत्नियों को आपदा प्रबंधन के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- कार्यशाला में 20 महिलाओं ने भाग लिया



भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कर्मचारियों की पत्नियों/गृहिणियों को लिए एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एलएंडडी विभाग के सभागार में किया गया। कार्यशाला में 20 महिलाओं ने भाग लिया।मुख्य अतिथि बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल थे। श्री घोषाल ने कहा कि संयंत्र की सुरक्षा में महिलाएँ अपनी भूमिका बखूबी निभा रही हैं। महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती हैं। जन जागरूकता व क्षमता विकास हेतु चलाए जा रहे इस कार्यशाला में भाग लेकर विपरीत परिस्थिति से निपटने, आपदा में कम से कम हताहत होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करें, नागरिक सुरक्षा संगठन के माध्यम से यही हमारा प्रयास है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य व हिम्मत के साथ कैसे कार्य करना है, संकट से जूझना व उसका सामना करना, अपना व साथी का बचाव कैसे करना है। घर की सम्पूर्ण जिम्मेदारियां महिलाएं ही संभालती है व इस दौरान घर में कोई आपदा या विपरीत आकस्मिक परिस्थिति होने पर स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखना व शीघ्र निर्णय लेने में सक्षम बनाना, 112 की सेवाएं बुलाना एवं अपना मनोबल बनाए रखने आदि विषयों में कार्यशाला में उन्हें जानकारी प्रदान की गई।

### सुरक्षा पर दिया प्रस्तुतिकरण

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय, नागपुर (राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय) से प्रशिक्षित प्रशिक्षक में स्वतंत्र कुमार ने नागरिक सुरक्षा के इतिहास, उद्देश्य, भूमिका, आपदा प्रबंधन,घरेलु उपकरण, विद्युत सुरक्षा समेत संचार सेवा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।मास्टर तकनीशियन सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा पर प्रस्तुति दी। नर्सिंग आफिसर (राष्ट्रीय औद्योगिक स्वास्थ्य सेवा विभाग) दिनेश एस ग्वाल ने प्रथमोपचार पर व्याख्यान प्रस्तुत दिया। एसएमएस 2 के कर्मचारियों की पत्नियों/गृहिणियों ने एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला को बहुउपयोगी बताया । संचालन अनुभाग अधिकारी स्वतंत्र कुमार ने किया।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129


02



क्रिकेट प्रतियोगिता में महाकाल वॉरियर्स टीम बनी विजेता

## लाइव इवेंट

### दिव्यांग को दी ट्रायसिकल, 5 किमी अब रास्ता तय करने होगी आसानी



**भिलाई।** सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत कन्या महाविद्यालय की एक दिव्यांग छात्रा को ट्रायसिकल देकर उसे स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय से पांच किलोमीटर दूर से आने वाली दिव्यांग छात्रा शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग अध्यनरत है। सोमवार को सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत एक दिव्यांग छात्रा को ट्रायसिकल और उसके जरूरत की कई सामग्रियां प्रदान कर एक नई पहल की शुरूआत की गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा संतोषी यादव महाविद्यालय से करीब पांच किलोमीटर की दूर से महाविद्यालय आना–जाना करती थी लेकिन नियमित रूप से महाविद्यालय न आने के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उसकी इस समस्या को महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. रेषमा लाकेष ने एक कार्यक्रम के दौरान महसूस किया और उस छात्र की व्यथा सुनी। उन्होनें प्रभारी प्राचार्य को संतोषी यादव के बारे में अवगत कराया। प्राचार्य के प्रयासों से नगर के स्व. रेखचंद अग्रवाल परिवार ने इस छात्र की मदद करने में रूचि दिखाई। अग्रवाल परिवार को जब इस छात्रा के बारे में जानकारी मिली तो वीणा अग्रवाल ने छात्रा को मदद करने की पहल की। इसी कड़ी में आज अग्रवाल परिवार के सुधीर अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों द्वारा संतोषी यादव को ट्रायसिकल के साथ–साथ अन्य जरूरत की सामग्री भी प्रदान की गई। सुधीर अग्रवाल ने पूर्व में भी रेडक्रॉस सोसायटी एवं कोविड के दौरान महाविद्यालय को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई थी। प्रभारी प्राचार्य ने अग्रवाल परिवार को उनके इस कार्य के लिये आभार व्यक्त करते हुए समाज में एक सकारात्मक संदेश देने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं छात्राओं की उपस्थिति में डॉ. रेषमा लाकेष और डॉ. यशेष्वरी ध्रुव द्वारा वीणा अग्रवाल का तुलसी पौधा देकर से स्वागत किया गया।

- सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत दिव्यांग छात्रा को दिये गए जरुरत के सामान

## स्पोर्ट्स इवेंट

### राष्ट्रीय सीनियर जूडो स्पर्धा के लिए छग प्रदेश टीम का हुआ चयन



**भिलाई।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में दिल्ली जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन केडी, जाधव इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में 4 जनवरी से 6 जनवरी तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से ही आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए जूडो खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भी भाग ले रही है। प्रदेश की टीम के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन रविवार को अलिमिटेड जुडो अकैडमी हाउसिंग बोर्ड में किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रदेश के दुर्ग जिला, रायपुर जिला, बलोदा बाजार भाटापारा जिला, बिलासपुर जिला, कोडागांव जिला, रायगढ़ जिला एवं बीएसपी जूडो क्लब के लगभग 98 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण चयन स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं अंतर्राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग एक्सपर्ट विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन शेख शरीफ अंतरराष्ट्रीय रेफरी, सुश्री किरण शर्मा अंतरराष्ट्रीय रेफरी, विजय नाग अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक, श्वेता यादव राष्ट्रीय रेफरी, भगवती प्रसाद सूर्यवंशी राष्ट्रीय रेफरी, पी किशोर राष्ट्रीय रेफरी, स्पोर्टिंग सदस्य गौतम, राज, दिवेश रावत द्वारा किया गया। चयन स्पर्धा अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ एवं भारतीय जूडो महासंघ के नियम एवं उप नियम के अनुसार खेली गई। इस चयन स्पर्धा से प्रदेश की टीम में बालक वर्ग से घनश्याम निर्मलकर, वरुण लहरे, प्रियांशु नेताम, राहुल कुमार, भूपेंद्र नेताम, अनमोल सिंह, सुधीर चौहान, बालिका वर्ग में चांदनी यादव, रंजीता कोराम, तनु रानी साहू, दिव्या कुमारी, नंदिनी सिंह, साधना जायसवाल, स्नेहा नेओगी को चयनित किया गया। प्रदेश संघ के महासचिव एस आर, सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु प्रदेश के चयनित खिलाड़ियों के लिए ट्रैकसूट खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा दिये जाएंगे।

### हल्बा समाज मनायेगा दो दिवसीय शक्ति पर्व महोत्सव

**भिलाई।** अभा स्तर पर हल्बा समाज द्वारा सामाजिक एकता का पर्व शक्ति दिवस प्रति वर्ष 26 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग द्वारा दो दिवसीय 25 एवं 26 दिसंबर को शक्ति पर्व महोत्सव मनायेगा। जिसके प्रथम दिवस 25 दिसंबर माई दंतेश्वरी की भव्य शोभा यात्रा माँ शारदा मंदिर सेक्टर 1 भिलाई से हल्बा शक्ति भवन के बीच निकाला जायेगा और दूसरे दिन 26 दिसंबर हल्बा शक्ति भवन रिसाली में शक्ति दिवस सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। प्रथम दिवस 25 दिसंबर में मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, डॉ. देवेन्द्र माहला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा, शशि सिन्हा महापौर रिसाली, नरेन्द्र बंछोर सेफी चेयरमैन, पुरेन्द्र ठाकुर महाप्रबंधक बीएसपी, आई आर देहारी जिलाध्यक्ष, जमुना ठाकुर पार्षद एवं अन्य अतिथि द्वितीय दिवस 26 दिसंबर में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोक सभा, विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन, आरएस नायक अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे।

● ट्विनसिटी के सभी चर्च में उत्सव की तैयारी, मसीही परिवारों के लोग कर रहे स्वागत

# क्रिसमस के लिए गिरजाघरों में हो रहे प्रार्थना गीत, सांता क्लॉज ड्रेस व क्रिसमस ट्री से सजे बाजार, हुई थीम बेस्ड पार्टी

प्रभु यीशु के के आने की खुशी में मसीही समाज जोरशोर से जुटा हुआ है। आज रात ठीक 12 बजे गिरजाघरों में प्रभु यीशु का जन्म धूमधाम से केक काटकर मनाया जाएगा। जिसके लिए लोग घरो को सजाने क्रिसमस ट्री सहित अन्य सजावटी सामान खरीदने बाजार पहुंच रहे हैं। कही सांता क्लॉज बच्चों को गिफ्ट देकर खुश कर रहे है तो वहीं महिलाएं क्रिसमस थीम पर किटी पार्टी सेलिब्रेट कर रही है।शहर के गिरजाघरों में इन दिनों प्रभु यीशु के आने की खुशी में उसे संजाया गया है। ट्विनसिटी के सभी चर्च में पहले ही रंगाई- पोताई कर ली गई थी। इसी तरह का मार्थोमा चर्च, सीसी चर्च, कैथोलिक चर्च सेक्टर में भी क्रिसमस को उत्सव का रूप देने के लिए तैयारी तेजी से हो रही है।

**भिलाई।** मसीही समाज के प्रमुख जहां प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की बैठक व्यवस्था की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं, युवाओं के ग्रुप ने समाज के लोगों तक प्रभु यीशु के आने का संदेश कैरोल सिंसिंग से देने के लिए हर दिन अलग-अलग बस्तियों व पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों तक पहुंचे थे। सिंगिंग दल में सांता क्लॉज बनकर चलने वाले लोग आकर्षण का केन्द्र भी हैं।



### अलग-अलग क्षेत्र में जाते हैं दल



डी डी सी खुर्सीपार, चर्च ऑफ गॉड सुपेला, होसन्ना भवन सेक्टर 7, सालेम चर्च, ज्योति चर्च, क्रिश्चन चर्च दुर्ग सहित सभी चर्च में कई दिनों पहले ही कैरोल सिंगिंग शुरू किया है। इसके लिए हर वर्ग के लोगों को मिलाकर अलग- अलग दल लोगों के घरों में जाकर संदेश देने के साथ जीवन से जुड़े महत्व और संदेश को सिंसिंग के जरिए बताया।

### जगह-जगह हुआ कैरोल गायन, सांता क्लॉज बांट रहे चाकलेट

शहर के सभी गिरजाघर में क्रिसमस से पहले पड़ने वाले संडे को क्रिसमस झांकी निकाली गई थी। इसमें समाज के लोग भारी तादाद में शामिल हुए थे। सभी चर्चो से लोग सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे है। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट भी जाकर दे रहे हैं।



### गिफ्ट आयटम और क्रिसमस ट्री से सजे बाजार

सेक्टर 6 ए मार्केट सहित पावर हाउस के दुकानों में क्रिसमस की तैयारी के लिए मसीही समाज के अलावा अन्य लोग भी जमकर सजावटी सामानों की खरीददारी कर रहे है। जिसमें सांता टोपी, ड्रेस, क्रिसमस ट्री, हैंगिग बॉल, लाईटिंग स्टार, केक और चॉकलेट खरीदने सभी बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है।

### क्रिसमस थीम पार्टी सेलिब्रेशन

क्रिसमस और नए साल को लेकर बच्चे, युवा और महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग को लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे है। इसी कड़ी में रिसाली की वूमेन पावर ग्रुप की महिलाओं ने क्रिसमस थीम पर अपनी किटी पार्टी सेलिब्रेट की। समिति की अध्यक्ष प्रतिभा यादव और सचिव मनिषा खांडेकर ने रेड ड्रेस और सेंटा टोपी पहनकर केक काटा और सभी को बधाई दी।



# काव्य पाठ कर बीते साल को दी विदाई और नए साल का किया स्वागत

**भिलाई।** नए वर्ष का स्वागत सभी क्षेत्र के लोग अपने-अपने ढंग से सेलिब्रेट करने की तैयारी में लगे हुए है। इसी कड़ी में साहित्य प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा नए वर्ष के स्वागत के लिए कविता पाठ कर अपने भाव व्यक्त किया। साहू मित्र सभा भिलाई नगर साहित्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नव वर्ष के आगमन पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कर्मा विद्यालय सुपेला के सभागार में आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साहू मित्र सभा भिलाई के अध्यक्ष खेद राम साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दीनदयाल साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद नोमिन साहू, महासचिव उनमेश साहू तथा साहित्यकार इंद्रजीत दादर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और साहित्यकारों ने इस वर्ष की बिदाई के साथ ही नववर्ष के आगमन पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में साहित्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा अंचल के कवियों में जागृति सार्वा, अरुणा जैन, उज्जवला सार्वा, बसंत साहू, शुचि भवि, हरीश देवांगन, हर्ष देव साहू, ध्रुव कुमार साहू, राजेश्वरी साहू के अलावा अन्य साहित्यकार व समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जागृति सार्वा और आभार प्रदर्शन उनमेंश साहू ने किया।





# ब्रह्माकुमारीज का आयोजन- पहली बार होगा विंटर कार्निवाल, निःशुल्क रजिस्ट्रेशन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में विंटर कार्निवाल का आयोजन 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जाएगा। जिसमें क्लास 5 से क्लास 8 तक के बच्चों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए मेडिटेशन, फन एंड वैल्यू गेम्स, एकाग्रता के लिए कई एक्टिविटी सीखाई जाएगी।

पांच दिनों तक चलने वाले इस विंटर कार्निवाल में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के लिए निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। भिलाई में पहली बार आयोजित विंटर कार्निवाल में क्लास 5 से क्लास 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क रहेगा। जिसका समय सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक आयोजित किया गया है। सेंटर प्रमुख आशा बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा समर कैंप का आयोजन पिछले 25 वर्षों से भी अधिक बार सफलता पूर्वक आयोजित किया जा चुका है। लेकिन पहली बार विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को आंतरिक शक्ति के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन का अभ्यास, फन एंड वैल्यू गेम्स, एकाग्रता के वृद्धि के लिए एक्टिविटी और कई वर्कशॉप मुख्य रुप से आयोजित किये जायेगे। इस विंटर कार्निवाल में रजिस्ट्रेशन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन कर गूगल फॉर्म भर सकते है। इसके अलावा अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए सेक्टर 7 स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन में संपर्क किया जा सकता है।




## बीएसपी से 10 स्कूल के 1999 बैच का मिलन समारोह

# स्कूल के 25 साल :दोस्ती का साथ निभाने विदेशों से पहुंचे क्लासमेट क्लासरुम में बैठकर बने टीचर, पुरानी यादें की ताजा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ये दोस्ती हम नही तोड़ेंगे, तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ न छोड़ेंगे,,,, शोले फिल्म का यह गाना 25 साल बाद भिलाई में एलुमनी मीट के दौरान सभी दोस्तों ने एक साथ गुनगुनाया। जिसमें देश-विदेश से आये दोस्तों ने पुरानी यादों को ताजा कर अपने शिक्षकों से मिलकर आर्शिवाद भी लिया। बीएसपी सेक्टर 10 स्कूल के 1999 बैच ने अपनी स्कूल यात्रा के 25 वर्षों का जश्न मनाने के लिए एक भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया।





### शिक्षकों को किया सम्मानित

इस यादगार अवसर पर देश और दुनिया भर से 50 प्लस पूर्व छात्र एकत्र हुए। अमेरिका, दुबई और लंदन जैसे दूर-दराज के स्थानों से लोग अपने दोस्तों से मिलने और पुराने दिनों को याद करने पहुंचे। यह मिलन समारोह स्कूल परिसर में हुआ, जहां 99 बैच के छात्रों ने अपने समय के शिक्षकों को सम्मानित किया और उनसे जुड़ी कई दिलचस्प यादें ताज़ा की। पूर्व छात्रों ने अपने जीवन में स्कूल और शिक्षकों के योगदान को गर्व के साथ साझा किया। समारोह में हंसी-मजाक, डांस, गेम्स और कहानियों का सिलसिला चलता रहा। इन खूबसूरत पलों ने सभी को उनकी सुनहरी यादों से जोड़ा और जीवनभर के लिए नई यादें संजोने का मौका दिया। इस दौरान सभी दोस्तों ने कहा यह एलुमनी मीट न केवल दोस्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम बना, बल्कि यह भी दर्शाया कि शिक्षा और गुरुओं का महत्व समय के साथ और भी अधिक गहराता है।

## धर्म लाइव

### पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ की आमसभा में हुआ सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ जिला शाखा दुर्ग के द्वारा वार्षिक आम सभा एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही संघ के सेवानिवृत्त और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रांत अध्यक्ष डी एस भारद्वाज एवं अध्यक्षता सुरेश कुमार साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के कार्यो को आगे बढ़ाने व कई प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। दो पालियों में आयोजित कार्यक्रम के द्वितीय पाली के कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारी प्रांत अध्यक्ष कैलाश चौहान, महामंत्री कृषिकांत, प्रांतीय सचिव विजय कोचेंद्र, महिला प्रकोष्ठ संभागीय पदाधिकारी मंजू ऊके का सम्मान एवं



सेवानिवृत्त एम एल देवांगन, केएल देवांगन, एन के देशमुख, राजेश बंछोर परिवार और बंशीलाल पटेल का सम्मान किया गया। मंच संचालन एन के देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला दुर्ग के उपाध्यक्ष एनके सिन्हा, नीरज महतो, बीके कोसारिया, कोषाध्यक्ष नवीन कन्नौज, सचिव छत्रपाल चंद्राकर, एस एम शुक्ला, पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष माधो चंद्राकर, धनंजय साहू, सुशील चंद्राकर, हेमंत गजभिए, पीसी कुंजाम, गजानंद कामड़े, डी एस सिन्हा, राम भरोसा साहू एवं जिले के सदस्यों के साथ ही महिला वर्ग से प्रेमलता देवांगन, वर्षा वर्मा, नम्रता मानिकपुरी, सुमन यादव, नलिनी गायकवाड, मनीषा देशमुख सहित सभी सदस्यों का सहयोग व उपस्थिति रही।

## सिटी इवेंट

### घासीदास जयंती पर उनके संदेशों को आत्मसात करने कही बात



**भिलाई।** बौद्ध कल्याण समिति की महिला विंग भीमाई महिला मंडल, बुद्धभूमि, कोसानगर में रविवार को सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती मनाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गीतेश्वरी रामटेके ने कहा कि गुरू घासीदास ने महान मानवतावादी, सामाजिक आंदोलन एवं सामाजिक क्रांति, समानता, प्रेम, भाई-चारे, बंधुत्व, विश्व कल्याण, सद्भावना, सत्य अहिंसा और मानव कल्याण का संदेश दिया हैं। प्रिया मेश्राम ने कहा कि उनके संदेश को मानव प्रेम और सत्य का अनुसरण कर सभी मानव अपने परिवार में ही रहकर मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर जाने की जरुरत नहीं है। स्वयं को जानों, अपने शरीर को मंदिर के समान स्वच्छ, सुन्दर रखो यह उनका अमृत सन्देश था। दानशीला रामटेके ने गुरु घासीदास के समाज को नई दिशा, नई चेतना, जागृति और प्रज्ञा के संदेश को याद किया। अंत में छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र महान संत गुरु घासीदस को नमन और वंदन किया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### क्रिकेट प्रतियोगिता में महाकाल वॉरियर्स टीम बनी विजेता



**भिलाई।** नगर पालिका अमलेश्वर में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में आज क्षेत्र की दो नामी टीम क्रिकेट प्रतियोगिता और सूर्या इलेवन के मध्य खिताबी मुक़ाबला खेला गया। जिसमें सूर्या इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 69 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाकाल वॉरियर्स की टीम ने मात्र 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर खिताब पर अपना कब्जा जमाया।

- नगर पालिका अमलेश्वर में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब
- मैन ऑफ द मैच बने मोहित
- सूर्या इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 69 रन बनाए

फाइनल मैच में नरेश यादव को मैन आफ़ द मैच से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मोहित सोनकर बेस्ट बल्लेबाज और मैन ऑफ़ द सीरीज बने और नरेश यादव बेस्ट गेंदबाज़ रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल मुख्य अतिथि मोनू साहू द्वारा विजेता टीम महाकाल वारियर्स के कप्तान डुमेन्द्र साहू को विजेता ट्रॉफी और इनामी राशि से सम्मानित किया। इस अवसर पर महेंद्र साहू, राजू सोनकर, तुलसी साहू, अमृत सिंह राजपूत, ईश्वर, सुरेश, टिकेश, विष्णु, योगेश, जयदीप सहित सभी मॉर्निंग क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

● स्कूल के टॉपर बच्चों को ट्राफी देकर किया प्रोत्साहित

# शिव तांडव में दिखा रुद्र रुप, हॉरर व कलयुग की थीम पर दी आकर्षक प्रस्तुति, दादी-नानी संग बच्चों ने लगाये ठुमके

भिलाई। शिव तांडव में दिखा भगवान शिव का रुद्र, हॉरर और कलयुग की थीम में संगीतमय नाट्य और रंग-बिरंगे ड्रेस में नन्हें बच्चे अपनी दादी व नानी के साथ जब मंच पर नृत्य किया तो आयोजन स्थल पर मौजूद लोगो ने जमकर तालियां बजाते हुए बच्चों व बुजुर्गो का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूरा वातावरण मस्ती के मूड में दिखाई दिया। अवसर था अग्रसेन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह का। इस दौरान प्रतिभाशाली बच्चों को ट्राफी व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोहका भिलाई द्वारा अपना 7वां वार्षिकोत्सव महक 2024 को विद्यालय परिसर में मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हॉरर थीम में आयोजित कार्यक्रम एवं दादी-नानी डांस रहा जिसमें बच्चों ने अपने अपने दादी एवं नानी के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव की शुरुआत अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं संचालिका मंजुलता अग्रवाल द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना के बाद छत्तीसगढ़ के राज्य गीत की सस्वर प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव में अतिथि शांति नगर के पार्षद अभिषेक मिश्रा एवं विद्यालय के पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष टी पी देवांगन उपस्थित थे। संस्था के चेयरमैन द्वारा अतिथियों का शॉल एवं पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया।



### नृत्य में दिया अनेकता में एकता का संदेश



कक्षा आठवीं के बच्चों ने मराठी, कक्षा तीसरी के बच्चों ने दक्षिण भारत का लोक नृत्य, कक्षा पांचवीं के बच्चों द्वारा पंजाबी, कक्षा छठवीं के बच्चों द्वारा राजस्थानी एवं कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा दूसरी के बच्चों द्वारा कलयुग थीम पर नृत्य को सभी ने सराहा। छात्रा दीक्षा यादव ने हिंदी कविता सुनाई।

### सुरभरी रंगोली में फिल्मी गीतों पर किया नृत्य

कक्षा नर्सरी के बच्चों ने स्वागत गीत में आकर्षक नृत्य कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने शिव तांडव नृत्य प्रस्तुति देखकर उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। किया। कक्षा पहली के बच्चों ने सुरभरी रंगोली कार्यक्रम पर आधारित विभिन्न हिंदी फिल्मी गीतों में नृत्य किया। कक्षा पांचवीं की छात्रा अन्वी द्वारा स्व रतन टाटा की जीवनी एवं उनके उपलब्धियों को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया।



### टॉपर बच्चों को दी ट्राफी, मिला प्रोत्साहन

अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोहका भिलाई की संचालिका मंजुलता अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्राचार्या प्रीति नारखेड़े द्वारा विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा व्यक्त की। चेयरमैन श्री अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। अतिथियों एवं विद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा कक्षा के मेरिट छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षिकाओं एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अग्रसेन ग्रुप के अतिरिक्त संचालक श्रीकांत दासगुप्ता, फार्मेसी के अतिरिक्त संचालक आशुतोष श्रीवास्तव, प्रा आईटीआई भिलाई के प्राचार्य अश्वनी गौर, प्रा आईटीआई धनोरा के प्राचार्य थानेंद्र राहंगडाले, हाई स्कूल धनोरा की प्राचार्या शिवानी वर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।





## आयोजन

### साइंस एग्जीबिशन में बच्चों ने दिखाई अपनी क्रिएटिविटी, एकेडमी ऑफ द ईयर का दिया खिताब



**भिलाई।** सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल पुरानी बस्ती सुपेला भिलाई के स्कूल में सांइस एग्जिबीशन और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सांइस के मॉडल प्रदर्शित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई निगम महापौर नीरज पाल और महेश वर्मा उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल खूशबू मंडल द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व को समझाया। बच्चों द्वारा आयोजित अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें पर्यावरण के विशेष महत्व और धार्मिक व राष्ट्रीय त्योहारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों को खेलकूद और साइंस एग्जिबिशन एकेडमी ऑफ द ईयर का खिताब देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूल के शिक्षा प्रणाली और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्य को लेकर शिक्षकों और स्टाफ के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल खुशबू मंडल, इंचार्ज तारा लहरे, वृंदा, दुर्गा यादव, दुर्गा प्रसाद, बबीता, तामेश्वरी, वंदना, कुसुम, सीमा, रीना, आंचल, देवांशु, उत्तरा और सुनंदा ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया।




### कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में पुलिस टीम ने टॉस जीतकर पहले की बैटिंग





**भिलाई।** स्व. विद्या रत्न भसीन स्मृति कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच भिलाई पुलिस एवं एबीएस राजनांदगांव के मध्य खेला गया। भिलाई पुलिस ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। भिलाई पुलिस ने मन्हारे के 53 रनों की बदौलत निर्धारित 8 ओवर में 75 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एबीएस की टीम 7.3 ओवर में 76 रन बनाई। जिसमें दुर्गेश ने 37 रनों का योगदान दिया। पुलिस की तरफ से गंभीर ने दो बॉल पर 18 रन देखकर तीन विकेट लिए। दूसरा मैच भिलाई चैंबर एवं शिवनाथ ऑटोमोबाइल के मध्य खेला गया। शिवनाथ ऑटोमोबाइल ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 8 ओवर में 90 रन बनाएं। उद्योग चैंबर की टीम नेताजी 7.4 ओवर में मैच जीत लिया। तीसरा मैच डीसीए भिलाई और भिलाई चेंबर के मध्य खेला गया। भिलाई चेंबर ने बैटिंग करते हुए 70 रन बनाएं। जिसे भिलाई ने आसानी से 5 ओवर में हासिल कर लिया। मैच के अंपायर हेमंत ठाकुर, आशीष सिंह व धनंजय सिंह स्कोर और पीयूष मिश्रा स्कोर, शिवा तिवारी एवं आशीष त्रिपाठी थे। आयोजन समिति के ललित मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का पहला मैच वार्ड 33 संतोषी पर एवं वार्ड 37 रविदास नगर के मध्य, दूसरा मैच ग्रामीण बैंक एवं डीसीए के मध्य, तीसरा मैच केंद्रीय जीएसटी एवं भिलाई चेंबर के मध्य एवं चौथा मैच एबीएस एवं उद्योग चैंबर के मध्य खेला जाएगा।

- स्व. विद्यारत्न भसीन स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन


नशे के खिलाफ समाज में चलाया जाएगा अभियान

# समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ उड़िया समाज के युवा हो रहे एकजुट

कार्नर न्यूज

### शहीद वीर नारायण पावर हाउस और खुर्सीपार में हुई बैठक

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा शहीद वीर नारायण नगर पावर हाउस और शिवाजी नगर खुर्सीपार गेट में बैठक हुआ। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी ने किया। बैठक की शुरुआत समाज के महासचिव तरुण निहाल ने किया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियां को लेकर लोगों को जागरुक किया। समाज में फैले शराब, नशापान पर पाबंदी करने जागरुकता लाने जिले के हर उड़िया बस्ती में अभा उड़िया समाज की टीम पहुंच रही है। समाज में जुड़ने वाले नए युवा एकजुट होकर नशे को समाज से पूरी तरह पाबंदी करने के प्रयास में जुटे हुए है। नगरीय निकाय चुनाव में समाज का अहम योगदान होगा।



### युवाओं ने लिया संकल्प, समाजहित में करेंगे काम

सदस्यता अभियान और नए साल में अभा उड़िया समाज नए रुप में बेहतर काम करने की योजना बैठक में बनाई गई। अब समाज से कई युवक, युवतियां, महिलाएं भी जुड़कर काम करने में आगे आ रही है। इसके अलावा समाज के साधु सुरजाल व पूरन नायक ने बैठक में कहा कि समाज को आगे लाने के लिए हम सब एकजुट होकर समाज के हित में काम करना होगा। इसके लिए हम सभी को एक होना पड़ेगा। बैठक में कृष्णा सोना, फिलिप सोना,नोरीन, महिपाल, मोनित, संतोष सोना, नोरीन जाल,मोतीलाल बाग, तुलसी मोगराज, गोलू, लक्षमण, श्रवण बाग, ईश्वर जाल, शेशो,दयानिधि विभार, राजू जाल, अर्जुन विभार, दीपक सोना, आशीष नंदा, संतोष क्षत्रिया, देवरात, टीके क्षत्रिया, बिसंबर तांडी, पानु कुमार, राजेश जाल, सुरेश सेठिया आदि समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे

सिटी स्पोर्ट्स

## तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भोपाल के रिटायर्ड आईजी विनीत खन्ना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की। मंच पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी उपस्थित थे। मंच संचालन छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक ने किया। प्रतियोगिता में ए. संतोष, संजय दुबे, पवन शादीजा, पीएन मजूमदार, एस. पेंढारकर, डॉ. भरत अग्रवाल (पुरुष वर्ग) तथा दिव्या आमदे, प्रमिला ठाकुर, रेणुका सुब्बा (महिला वर्ग) विजेता रहे।

## चंडीगढ़ पर भारी छत्तीसगढ़ 60 रनों से जीता मैच



**रायपुर।** बीसीसी आई द्वारा मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच 23 दिसंबर को त्रिवेन्द्रम में चंडीगढ़ अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर पर 271 रन बनाकर आलआउट हो गई। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष पांडे ने सर्वाधिक 71 रन बनाए, वहीं आशीष डहरिया ने 58 रनों का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 52 रनों की उपयोगी पारी खेली। चंडीगढ़ की ओर से जसकीरत सिंह ने 3 विकेट, अभिषेक तथा इवराज ने 2-2 विकेट लिए। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ टीम ने 47.1 ओवर पर 10 विकेट खोकर 211 रन ही बनाए। चंडीगढ़ की ओर से अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उनके अतिरिक्त देवांग तथा अक्षित ने 28-28 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट तथा विजय यादव ने 3 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने मैच 60 रनों से जीत लिया।

## शशांक ने झटके 2 विकेट, छत्तीसगढ़ ने बढ़ाई बढ़त



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच 23 दिसंबर को विजयनगरम में चंडीगढ सीनीयर टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ को 13 रनों से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 322 रनों का विशाल स्कोर बनाया। चंडीगढ़ की ओर से शिवम ने सर्वाधिक 152 रन बनाए, वहीं तुषार जोशी ने 59 रन तथा एके कौशिक ने 51 नाबाद रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण तथा शशांक सिंह ने 2-2 विकेट लिए।

## सीनियर जूडो प्रतियोगिता में बीएसपी क्लब से 98 खिलाड़ी लेंगे भाग




**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में दिल्ली जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन केडी जाधव इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में 4 से 6 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से ही आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए जूडो खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। छग प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और महासचिव एसआर सोनी की ओर से जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने उपरोक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की टीम के लिए चयन स्पर्धा में अनलिमिटेड जूडो एकेडमी हाउसिंग बोर्ड भिलाई में की गई। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए दुर्ग, रायपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा, बिलासपुर, कोडागांव, रायगढ़ जिले के अलावा एवं बीएसपी जूडो क्लब के लगभग 98 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया।

न केवल सर्दियों की ठिठुरन को कम करती है, बल्कि दिनभर की थकान को भी करती है दूर

# सर्दी के मौसम में गर्म पानी से नहाएं जानिए इसके फायदे और अन्य जरूरी

*सर्दियों में ठंड से बचने के लिए गर्म पानी से नहाना एक आम आदत है, जो शरीर को आराम देने के साथ-साथ ठंड से राहत भी दिलाती है। यह आदत न केवल सर्दियों की ठिठुरन को कम करती है, बल्कि दिनभर की थकान को भी दूर करती है। इस लेख में हम सर्दियों में गर्म पानी से नहाने के फायदों और सावधानियों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप इसका लाभ उठा सकें।*



### रक्त संचार बढ़ाने के लिए लाभदायक

गर्म पानी से स्नान करने पर शरीर का रक्त संचार बढ़ता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है और थकान दूर होती है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जो दिनभर काम करके थक जाते हैं या जिनकी मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। इससे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं और मानसिक तनाव भी कम होता है। यह प्रक्रिया आपको अधिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव कराती है।

### त्वचा की देखभाल का ध्यान रखें


गर्म पानी से नहाने पर त्वचा की प्राकृतिक नमी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी हो सकती है। इसलिए, कोशिश करें कि बहुत ज्यादा गर्म पानी का उपयोग ना करें। हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर होता है, ताकि त्वचा की नमी बनी रहे और कोई नुकसान ना हो। इसके अलावा, नहाने के बाद तुरंत मॉइस्चराइजर लगाएं, ताकि त्वचा की देखभाल हो सके और वह मुलायम बनी रहे। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी।

### ज्यादा देर तक गर्म पानी में न रहें

बहुत देर तक गर्म पानी में रहने से शरीर की ऊर्जा कम हो सकती है और आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। इसलिए, स्नान का समय 10-15 मिनट तक सीमित रखना बेहतर होता है। इससे आप बिना अत्यधिक ऊर्जा खर्च किए ताजगी महसूस कर सकते हैं। लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से त्वचा की नमी भी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान लगने लगती है।

### सही तापमान चुनें

स्नान करते समय सही तापमान का चुनाव करना बेहद जरूरी है। बहुत ज्यादा गर्म या ठंडा पानी नुकसानदायक हो सकता है। गुनगुना या हल्का गर्म पानी सबसे अच्छा रहता है, क्योंकि यह शरीर को आराम देता है और किसी भी परेशानी से बचाता है। इससे आपकी त्वचा सुरक्षित रहती है और आप तरोताजा महसूस करते हैं। इसलिए सर्दियों में स्नान के लिए सही तापमान का ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप बिना चिंता के गर्म पानी का आनंद ले सकें।



## केवल रस्सी कूदने के बजाय करें रस्सी कूद डबल अंडर्स ये है बेहतरीन कार्डिओ

रस्सी कूदना एक पुरानी एक्सरसाइज है, जो दिल की सेहत को बेहतर बनाती है। रस्सी कूद डबल अंडर्स करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह कार्डियो वर्कआउट को नया आयाम देता है। इसमें रस्सी को हर छलांग पर 2 बार घुमाया जाता है, जिससे सहनशक्ति और संतुलन का परीक्षण होता है। यह दिल की धड़कन बढ़ाने के साथ-साथ कैलोरी जलाने में भी मदद करता है। आइए इस एक्सरसाइज से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

### रस्सी कूद डबल अंडर्स करने का सही तरीका

रस्सी कूद डबल अंडर्स करने के लिए आपको सही लंबाई की रस्सी चुननी होगी। जब आप रस्सी पर खड़े होते हैं, तो उसके हैंडल आपकी छाती तक पहुंचने चाहिए। शुरुआत में गति धीमी रखें और धीरे-धीरे गति बढ़ाएं। अपने हाथों को शरीर के पास रखें और केवल कलाईयों का उपयोग करके रस्सी घुमाएं। छलांग लगाते समय अपने पैरों को ज्यादा ऊंचा न उठाएं। इस तकनीक को अपनाकर आप इस एक्सरसाइज में महारत हासिल कर सकते हैं।

### रस्सी कूद डबल अंडर्स के फायदे

रस्सी कूद डबल अंडर्स करने के कई फायदे हैं, जो इसे एक खास कार्डियो एक्सरसाइज बनाते हैं। यह आपके हृदय स्वास्थ्य को सुधारती है और सहनशक्ति बढ़ाती है। इसके अलावा, इस एक्सरसाइज से कैलोरी भी जलती हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। यह पैरों और पेट की मांसपेशियों की ताकत भी बढ़ाती है। नियमित रूप से इसका अभ्यास करने पर आपका संतुलन बेहतर होता जाता है और शरीर की चर्बी कम होती जाती है।



### रस्सी कूद डबल अंडर्स करते समय बरतें ये सावधानियां

रस्सी कूद डबल अंडर्स करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है, ताकि चोट लगने का खतरा कम हो सके। सबसे पहले सुनिश्चित करें कि आप सपाट सतह पर ही अभ्यास कर रहे हों, ताकि फिसलने या गिरने का डर न रहे। इसके दौरान अच्छे जूते पहनें, जो आपके पैरों को पर्याप्त समर्थन दे सकें। शुरुआत में धीरे-धीरे अभ्यास करें, ताकि मांसपेशियों पर अचानक दबाव न पड़े और चोट लगने का खतरा कम हो जाए।

### अन्य एक्सरसाइज अपनाने पर करें विचार

अगर आप रस्सी कूद डबल अंडर्स करते-करते बोरियत महसूस करने लगे हैं या कुछ नया आजमाना चाहते हैं, तो अन्य विकल्पों पर ध्यान दें। आप सिंगल लेग जंप या क्रॉसओवर जंपिंग स्टाइल्स आजमा सकते हैं । ये विकल्प न केवल आपके एक्सरसाइज रूटीन में विविधता लाएंगे, बल्कि नई चुनौतियों के साथ आपको प्रेरित भी करेंगे। इनका अभ्यास करते समय धैर्य बनाए रखें और याद रखें कि हर नई तकनीक सीखने में समय लगता है।

## हिचकी से राहत पाने के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें डिल सीड ऑयल

हिचकी आना एक आम समस्या है, जो कभी भी और कहीं भी हो सकती है। इससे निपटने के कई तरीके हैं, लेकिन क्या आपने कभी डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करने के बारे में सोचा है? यह एसेंशियल ऑयल प्राकृतिक रूप से हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करके आप हिचकी से राहत पा सकते हैं। आइए इसके कुछ खास इस्तेमाल और तरीके जानते हैं, जिनसे आप इसे आजमा सकते हैं।

### डिल सीड ऑयल की मालिश करें

हिचकी आने पर पेट पर हल्की मालिश करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप डिल सीड तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तेल को हल्का गर्म करके पेट पर गोलाकार गति में मालिश करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और हिचकी कम होगी। यह उपाय न केवल हिचकी को रोकने में मदद करता है, बल्कि पेट की अन्य समस्याओं से भी राहत दिला सकता है।



### पानी में मिलाकर पिएं

डिल सीड ऑयल को पानी में मिलाकर पीना भी एक अच्छा उपाय है। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में 2-3 बूंदें डिल सीड ऑयल की डालें और धीरे-धीरे पिएं। यह उपाय आपके पाचन तंत्र को शांत करेगा और हिचकी से राहत दिलाएगा। इससे आपके पेट की मांसपेशियों को भी आराम मिलेगा, जिससे हिचकी जल्दी ठीक हो सकती है। इस विधि का उपयोग करने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है और यह पूरी तरह से प्राकृतिक तरीका है।

**भाप लें :** भाप लेना भी हिचकी रोकने का एक असरदार तरीका हो सकता है। इसके लिए एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें डिल सीड तेल डालें। अब इस पानी से निकलने वाली भाप को अपने मुंह और नाक से अंदर लें। इससे आपकी सांस लेने की प्रक्रिया सुधरेगी और हिचकी कम होगी। यह उपाय आपके श्वसन तंत्र को भी आराम देगा और आपको तुरंत राहत मिलेगी।

**चाय बनाएं :** आप चाहें तो डिल सीड तेल की चाय भी बना सकते हैं। लाभ के लिए एक कप गर्म पानी में 2-3 बूंदें तेल की डालकर इसे अच्छे से मिलाएं और धीरे-धीरे पिएं। यह चाय आपके शरीर को आराम देगी और हिचकी दूर करेगी। इस चाय का सेवन करने से न केवल हिचकी में राहत मिलेगी, बल्कि यह आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाएगी और आपको ताजगी का अनुभव होगा।

## 2025 में शनि देव करेंगे मीन राशि में प्रवेश, इन की चमक सकती है किस्मत

वैदिक ज्योतिष मुताबिक शनि देव एक राशि में करीब 30 साल बाद गोचर करते हैं। आपको बता दें कि 2025 में शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ राशि से निकलकर मीन में प्रवेश करेंगे, जहां पर ये आने वाले सालों में करीब ढाई वर्षों तक इसी राशि में संचरण करेंगे। शनिदेव को 29 मार्च 2025 को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों को करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी है



**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए शनि देव का राशि परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से तीसरे भाव पर संचरण करेंगे। साथ ही वह आपकी राशि से धन भाव के स्वामी हैं। इस दौरान आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। साथ ही आकस्मिक धनलाभ के योग बनेंगे। वहीं इस अवधि में आपको रुका हुआ पैसा मिल सकता है। साथ ही नौकरी व कारोबार करने वालों को लाभ प्राप्ति के कई मौके मिलेंगे और धन प्राप्ति के नए नए मार्ग भी मिलेंगे। गोचर काल में आप खुद का मकान या फ्लैट भी प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन राशि :** शनि देव का गोचर मिथुन राशि के जातकों को शुभ फलदायी साबित हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं खुद का बिजनस करने वालों को गोचर काल में विशेष फायदे मिलेंगे और आप अपने बिजनस को नई ऊंचाइयों पर ले जा पाने में सक्षम भी होंगे। साथ ही नौकरीपेशा लोगों की इस अवधि में पदोन्नति हो सकती है। वहीं नौकरी करने वाले इस अवधि में नई नई चीजें सीखेंगे और अपने कार्यों से अधिकारियों का विश्वास जीतने में सफल होंगे। साथ ही पिता के साथ संबंध मजबूत रहेंगे।

**धनु राशि :** आप लोगों के लिए शनि देव का राशि परिवर्तन अनुकूल सिद्ध हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं जाएंगे। नौकरी करने वालों को इस अवधि में करियर में तरक्की के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे और हर कार्य की योजना भी बनाएंगे। साथ ही इस दौरान आपको पैतृक संपत्ति का भी सुख प्राप्त हो सकती है। वहीं इस समय आपके माता के साथ संबंध मजबूत रहेंगे। साथ ही आप इस समय धन की सेविंग करने में सफल रहेंगे।

कार्नर न्यूज

खाने-पीने में ज़रा-सी लापरवाही बीमार बना सकती है

# सर्दियों में जरूर खानी चाहिए ये सब्जियां, आयरन कैल्शियम और विटामिन का अच्छा सोर्स

खांसी-जुकाम-बुखार ये सर्दियों की बहुत आम दिक्कतें हैं। जैसे-जैसे मौसम बदलता है। ठंड बढ़ती है हमारे बीमार पड़ने के चांस भी बढ़ने लगते हैं। सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां होने का रिस्क बढ़ जाता है। इस मौसम में, वातावरण में नमी भी कम होती है। इससे बैक्टीरिया और वायरस को हमारे शरीर में एंट्री करने का जरिया मिल जाता है। ऐसे में अगर खुद का ख़्याल न रखा जाए, तो बीमारी बहुत जल्दी पकड़ लेती है। अब सेहत का ख्याल कैसे रखें? जाहिर है, गर्म कपड़े पहनें। अपनी डाइट का ध्यान रखें। खाने-पीने में ज़रा-सी लापरवाही बीमार बना सकती है। मगर, खाएं क्या? डॉक्टर इस मौसम में भरपूर सब्जियां खाने की सलाह देते हैं लेकिन वो सब्जियां कौन-सी हैं, जो जरूर खानी चाहिए और किन चीजों को खाना-पीना अवॉइड करना चाहिए.



### बीमारियों से बचाता है शलजम

सर्दियों में शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने शलजम भी खाई जा सकती है। ये फाइबर और विटामिन सी का अच्छा सोर्स है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की सफाई करने और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

### मूली और उसके पत्ते भी स्वास्थ्यवर्धक

सर्दियों में मूली खा सकते हैं। इस मौसम में मूली के पराठे या मूली को सलाद के रूप में खाया जाता है। मूली में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं। इससे बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। शरीर बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ पाता है। मूली नेचुरल एंटीबायोटिक की तरह काम करती है।

### ठंडा पानी और जूस का सेवन न करें

सर्दियों में ठंडा पानी और जूस पीना अवॉइड करें। इनके सेवन से शरीर में ठंडक आती है। जिससे सर्दी, जुकाम और गले में खारिश जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बेहतर रहेगा कि गुनगुना पानी पिएं।

### बार-बार चाय, कॉफी न पिएं. इसके बजाय गर्म पानी पी लें

जग भर के चाय और कॉफी भी कई लोग दिन भर में पी जाते हैं। सर्दियों में अक्सर लोग चाय और कॉफी बहुत पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन हो सकता है। जितना हो सके, बार-बार चाय या कॉफी पीना अवॉइड करें बल्कि इसके एवज में आप गर्म पानी पी सकते हैं।

### तेल-मसालेदार खाना

सर्दियों में कई बार लोग मसालेदार और हेवी खाना खाते हैं। बहुत हेवी खाना खाने से पाचन बिगड़ जाता है। इससे पेट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। लिहाज़ा, सादा खाना खाइए. ऐसी चीज़ें ज़्यादा खाएं जिनमें फाइबर हो, इससे फायदा मिलेगा।



### आयरन-कैलिशयम से भरपूर पालक

सर्दियों में पालक खाई जा सकती है। पालक आयरन, कैल्शियम और विटामिन के का अच्छा सोर्स है। इसे खाने से हड्डियां मज़बूत होती हैं। शरीर में खून ज़्यादा बनता है। खून का बहाव भी सुधरता है।

### विटामिन सी व फाइबर की खान गोभी

सर्दियों में गोभी ज़रूर खाएं। गोभी में विटामिन सी और फाइबर होता है। विटामिन सी एक एंटीऑक्सीडेंट है। ये शरीर से डेड सेल्स हटाने में मदद करता है। इससे शरीर तरोताज़ा महसूस करता है।


### किसी भी प्रकार से खाएं गाजर और मटर

सर्दियों में गाजर और मटर खा सकते हैं। गाजर विटामिन ए का बहुत अच्छा सोर्स है। इसे 'आई टॉनिक' भी कह सकते हैं। गाजर खाने से सबसे ज़्यादा फायदा आंखों को होता है। इसी प्रकार मटर को भी कच्चा, सब्ज़ी में या फिर तेल में तलकर खाया जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 2024 में वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में शीर्ष पर पहुंची डिज्नी



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाला डिज्नी अब एक और नया रिकॉर्ड बना चुका है। ताजा अनुमानित रिपोर्ट्स के अनुसार वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर, डिज़नी की विश्वव्यापी कमाई अब 506 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें 205.4 करोड़ डॉलर उत्तरी अमेरिका और 300.6 करोड़ डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस से आए हैं। डिज्नी का दावा है कि 2024 में यह मील का पत्थर पार करने वाला यह एकमात्र स्टूडियो है। यह पहली बार है जब किसी भी स्टूडियो ने 2019 के बाद से वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार किया है। अगर आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो यह छठी बार है जब डिज्नी ने 2010 के बाद वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर की कमाई की है। इस साल डिज्नी के लिए सबसे बड़ी फिल्म पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' रही, जो अब तक 169.9 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह फिल्म न केवल इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बनी है, बल्कि यह दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म भी बन गई है। इसके बाद 'मार्वल' की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' है, जिसने 138.8 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल अब किसी भी फिल्म का नहीं करेंगे निर्देशन



मोहनलाल अपनी फिल्म 'बारोज' की वजह से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म को लेकर कई दिलचस्प बातें बताईं। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि भविष्य में वह किसी फिल्म का निर्देशन नहीं करने वाले। मोहलाल की निर्देशन में बनी फिल्म 'बारोज' की रिलीज में अब सिर्फ कुछ दिन ही बाकी हैं। हाल ही में इस दिग्गज अभिनेता ने खुलासा किया कि 'बारोज' के बाद वह किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। गलाटा प्लस से बात करते हुए मोहनलाल ने कहा कि 'बारोज' उनकी पहली और आखिरी निर्देशन वाली फिल्म होगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशन का कारण भी बताया और कहा कि उनका मूल विचार थ्रीडी फिल्म बनाने का था, जिसे बिना थ्रीडी चश्मे के देखा जा सके। मोहनलाल ने कहा कि आमतौर पर लोग थ्रीडी फिल्में देखने के बाद सिर दर्द की शिकायत करते हैं, लेकिन 'बारोज' के प्रीव्यू शो में ऐसा नहीं हुआ। मोहनलाल ने पहले एक ऐसी थ्रीडी फिल्म बनाने का विचार किया था, जिसे बिना चश्मे के देखा जा सके, लेकिन यह काफी महंगा था। मोहनलाल ने कहा कि वह असंभव चीजों को करने का शौक रखते हैं और इसी कारण उन्होंने 'बारोज' का निर्देशन करने का निर्णय लिया। अभिनेता ने कहा कि फिल्म को बनाते समय सबकुछ सही तरीके से होता चला गया। फिल्म की एक दिलचस्प जानकारी यह है कि 'बारोज' की टीम ने हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हैंस जिमर से संपर्क किया था, ताकि वह फिल्म का संगीत तैयार कर सकें।

### भोजपुरी

## 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग शुरू



सुपरस्टार यश कुमार तीन बड़ी फिल्में 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इन्हें लेकर पहले से ही खूब बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि ये फिल्में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले तीन बड़ी फिल्मों 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग जोर-शोर से इन दिनों गुजरात में चल रही है। इन फिल्मों में यश कुमार मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि इस फिल्म का निर्माण वे निधि मिश्रा के साथ मिलकर कर रहे हैं। ।बात अगर करें यश कुमार की 'चंद्रकांता' की तो, इस फिल्म में उनके साथ सपना चौहान, तृषा कर मधु, प्रीति मौर्या, अमित शुक्ला और अनीता रावत जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म एक अद्भुत प्रेम कहानी और रहस्यमय घटनाओं पर आधारित है। रुस्तम अली चिश्ती के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कैमरे की जिम्मेदारी जहांगीर सैयद ने संभाली है। वहीं, 'करिया मर्द गोर मेहरारू' एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें यश कुमार के साथ सपना चौहान, अनीता रावत, अमित शुक्ला, शाहिद संस, विमलेश कुमार सिंह, प्रिया शुक्ला, प्रिया राय, राधे मिश्रा, संजीव मिश्रा, नीतू यादव और महेश आचार्य जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही तीसरी फिल्म 'पराया आप' है। यह एक ऐसी भावनात्मक कहानी है, जो दर्शकों को रुलाने और उनकी आत्मा को छूने का वादा करती है।

साड़ी के लिए लेटेस्ट और ट्रेंडी ब्लाउज डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो जाह्नवी कपूर से लेकर नीता अंबानी के इन ब्लाउज डिजाइन को जरूर कॉपी कर लें। साड़ी के लिए हटके ब्लाउज डिजाइन चाहती हैं तो इन सेलेब्स अप्रूव डिजाइन को भी जरूर देख लें। गॉर्जियस दिखने के साथ ही ये लेटेस्ट और डिजाइनर भी हैं। जिसे पहनकर ना केपल आप अट्रैक्टिव दिखेंगी, बल्कि हर कोई आपके लुक की तारीफ भी करेगा। तो जरा नीता अंबानी से लेकर जाह्नवी कपूर के इन ब्लाउज डिजाइन को जरूर कॉपी कर लें। डिजाइनर लुक चाहती हैं तो मार्केट में आसानी से कॉर्सेट डिजाइन के ब्लाउज मिल जाएंगे। जिसे आप कटरनी कैफ की तरह साड़ी के साथ मैच कर पहनें और गॉर्जियस लुक पाएं।




## मौसम के बदलते ही कटने-फटने लगे हैं होंठ... घर पर रोजाना करें यह उपाय

त्वचा की तरह होंठों की भी केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए हम आए दिन नए-नए प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। बदलते मौसम में अक्सर होंठ कटने और फटने लगते हैं। ऐसे में इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको महंगे प्रोडक्ट्स नहीं बल्कि घरेलू ट्रीटमेंट ज्यादा असरदार साबित हो सकती हैं। तो आइये जानते हैं कटे-फाटे होंठों को मुलायम बनाने और ड्राईनेस को कम करने का आसान नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इन चीजों से मिलने वाले होंठों को फायदे क्या हैं?



### इन चीजों का करें इस्तेमाल

कच्चा दूध, गुलाब जल, शहद
इस घरेलू उपाय से मिलने वाले होंठों को फायदे
होंठों को हाइड्रेटेड बनाने का करता है काम
लिप्स को मॉइस्चराइज करने में मददगार

### होंठों की देखभाल करने का घरेलू उपाय क्या है?

सबसे पहले एक बाउल में कच्चा दूध डालें।
इसमें थोड़ा सा गुलाब जल और आधा चम्मच शहद मिला लें।
इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके होंठों पर लगा लें।
इसे 15 मिनट लगे रहने के बाद कॉटन की मदद से हटा लें।
इसे आप रात के समय इस्तेमाल कर सकती हैं।
रोजाना इसे होंठों पर लगाने से ड्राईनेस कम होने लगेंगी।

## ऑफिस की न्यू ईयर पार्टी में स्टाइल करें ये फुल स्लीव्स वाली ड्रेसेस

फैशन



नए साल के स्वागत में ऑफिस में न्यू ईयर की पार्टी का आयोजन होता है और इस पार्टी में ऑफिस के सभी लोग शामिल होते हैं। इस पार्टी में सभी महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप भी ऑफिस की किसी न्यू ईयर की पार्टी में शामिल हो रही हैं और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप फुल स्लीव्स वाली ड्रेस इस मौके पर पहन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस ठंड के मौके पर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगी तो वहीं इस ड्रेस में आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

**फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस :** ऑफिस की न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल प्रिंट में है और पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप हील्स साथ ही ज्वेलरी में आप चेन टाइप नेकलस वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल सकती है।


**वी-नेक पफ स्लीव्स मैक्सी ड्रेस :** इस तरह की वी-नेक डिजाइन वाली पफ स्लीव्स मैक्सी ड्रेस भी आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस डार्क कलर में है और वि नेक डिजाइन के साथ पफ स्लीव्स में आती है। इस ड्रेस के साथ आप स्टाइलिश जूती साथ ही सिंपल ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप कई सारे कलर मौजूद हैं। पफ स्लीव्स में आप इस तरह की मिडी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस लाइट कलर में और न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है।

**बटनडाउन शर्ट मिडी ड्रेस :** अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की बटनडाउन शर्ट स्टाइल मिडी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की मिडी ड्रेस न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप सबसे अलग नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप बाजार व ऑनलाइन भी ले सकती हैं। इस ड्रेस के साथ हील्स या लेस वाली फ्लैट्स वियर कर सकती हैं।

## शॉर्ट हेयर में भी पा सकती हैं स्टाइलिश लुक, ट्राई करें ये यूनिक हेयर स्टाइल

अधिकतर महिलाओं के साथ ऑउटफिट, मेकअप और एक्सेसरीज के बाद जो सबसे ज्यादा मुश्किल काम आता है, वो होती है हेयरस्टाइल। जिसको लेकर हम सबसे ज्यादा कंफ्यूज रहते हैं। अधिकतर लोगों को लगता है कि छोटे बालों में हम ज्यादा अच्छी हेयर स्टाइल नहीं बना सकते हैं, लेकिन ऐसा सोचना एकदम गलत है। आज हम आपको को शार्ट हेयर से बनने वाली कुछ यूनिक हेयर स्टाइल लुक्स दिखाएंगे। जिनको आप भी आसानी से घर पर या पार्लर से बनवा सकती हैं।

**साइड पार्ट सॉफ्ट कर्ल :** यदि आपके हेयर कट शोल्डर तक है, तो आप उसके साथ इस तरह से साइड पार्ट कर्ल करवा सकती हैं। यदि आपका फेस पतला है, तो उस पर ये लुक काफी सूट करेगा। लहंगे और साड़ी दोनों तरह के ऑउटफिट संग आप इसे ट्राई कर सकती हैं। लेफ्ट साइड की तरफ आप कोई हेयर एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं। इससे आपका लुक और ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा।



### पौनी विद कर्ल लुक

छोटे बालों के लिए इस तरह की पौनी विद कर्लीहेयर स्टाइल भी बेस्ट रहती हैं। इसमें आपको बालों को अच्छी तरह नीचे की ओर से कर्ल करना है। इसके बाद पिंक की मदद से टक करके पौनी बना देनी हैं। पौनी के बीच में आप कोई सर्कल शेप वाला कल्चर लगा सकती हैं। साइड में छोटे छोटे बीड्स चिपका सकती हैं। इस तरह आप एक परफेक्ट हेयर स्टाइल शार्ट हेयर में क्रिएट कर पाएंगी। इसे आप पानी पार्लर वाली को दिखा कर भी बना सकती हैं।

### नार्मल बन लुक

आप शार्ट हेयर में ऐसा नार्मल बन हेयर स्टाइल भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे बन काफी स्टाइलिश और मॉडर्न लुक देते हैं। आप या तो इसके बीच में साड़ी के मैचिंग की कोई हेयर एक्सेसरीज लगा सकती हैं। इसके अलावा आप इस बन को चारों तरफ से फूलों या गजरे से कवर करें।

## पार्टी आउटफिट के साथ स्टाइल करें ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी, दिखेंगी सबसे अलग

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से सभी चीजों को स्टाइल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप आउटफिट के हिसाब से ज्वेलरी को वियर करें। ज्वेलरी में भी आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप अच्छे से आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी पहनने के बाद ज्यादा अच्छी लगेगी।

**हसली करें वियर :** आप अपने पार्टी आउटफिट के साथ हसली को वियर कर सकते हैं। हसली पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक और भी ज्यादा



अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की हसली को आप डीप नेकलाइन डिजाइन वाले आउटफिट के साथ वियर करें। इससे आपका लुक ही बदल जाएगा। साथ में बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट करें। इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स को स्टाइल करें। इस तरह के जब आप इस ज्वेलरी को वियर करेंगी, तो अच्छी लगेंगी। मार्केट में इस तरह की हसली डिजाइन वाली ज्वेलरी आपको 200 से 250 रुपये में मिल सकती है।

**लॉन्ग नेकलेस सेट :** अगर आप टी शर्ट और श्रग को स्टाइल कर रही हैं, तो इसके साथ आप इस ज्वेलरी डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये आउटफिट लुक को इंडियन टच देगी। इसी वजह से ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको आसानी से मिल भी जाएगी। जिसे वियर करके आप लुक को परफेक्ट बना पाएंगी।

कार्नर न्यूज

### पहाड़ों के मौसम के हिसाब से लॉन्ग कोट बेस्ट ऑप्शन होता है

## वेकेशन के लिए पहाड़ों पर जा रही हैं घूमने तो इन आउटफिट्स को बैग में रखना न भूलें

बाहर घूमने जाना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में सबसे पहले हमारे दिमाग में शॉपिंग का ख्याल आता है। इसके लिए हम पहले जगह का मौसम देखते हैं। फिर अपने लिए कपड़ों की खरीदारी करते हैं। अगर आप भी इस बार सर्दी में कहीं पहाड़ों पर जानें का प्लान कर रहे हैं, तो अपने बैग में इन आउटफिट्स को जरूर रखें। इससे आपका लुक ही अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको ज्यादा कपड़ों के बारे में सोचना नहीं पड़ेगा।



### हुडी के साथ पैंट करें स्टाइल

अगर आपको कमफर्टेबल साथ ही ठंड से बचना है, तो ऐसे में आप हुडी के साथ पैंट को वियर कर सकती हैं। इस तरह का लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है। साथ ही, आउटफिट स्टाइल करने के बाद अच्छा दिखाई देता है। इसके साथ आप बूट्स को वियर करें। हेयर स्टाइल को सिंपल तरीके से क्रिएट करें। आपका पूरा लुक कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी।

### जैकेट के साथ डेनिम करें स्टाइल

अगर आप ठंड से बचना चाहती हैं, तो बेस्ट है कि आप वेकेशन के लिए जैकेट रखना न भूलं। ऐसा इसलिए क्योंकि जैकेट से आप ठंड से बची रहेंगी। साथ ही, आप पूरे लुक को अच्छे से क्रिएट कर पाएंगी। इसके साथ आप अंदर इनर या हाईनके पहन सकती हैं। इसके साथ आपको अलग से टोपी लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे ही आपका पूरा लुक कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी।



### लॉन्ग कोट और बूट्स करें स्टाइल

आप स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप इन आउटफिट डिजाइंस को बैग में जरूर रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पहाड़ों के मौसम के हिसाब से लॉन्ग कोट बेस्ट ऑप्शन होता है। साथ ही, इसके साथ बूट्स स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। कोट आप किसी भी कलर का खरीद सकती हैं। वहीं बूट्स आप ब्लैक खरीदें वो हर आउटफिट के साथ पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इस तरह के आउटफिट्स से पूरा लुक अच्छा दिखाई देता है।